

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 24 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कार-ट्रक में टक्कर,एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**सीतापुर,24 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के खैराबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर गुरुवार शाम एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में मरने वाले लोग अयोध्या जिले के रहने वाले थे और अपनी कार से उत्तराखंड से वापस आ रहे थे। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चक्रेश मिश्रा ने बताया कि उत्तराखंड से लौट रहे इन लोगों की कार यहां कंक्रीट स्पन पाइप से लदे ट्रक से टकरा गई। एसपी ने कहा कि कार गलत दिशा में थी और टक्कर के बाद कंक्रीट के पाइप कार पर उस पर गिर गए और कार पलट कर सड़क किनारे खाई में गिर गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया। मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया, उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और मरने वालों की पहचान की जा रही हैं।

### सुबोध हरितवाल बनाए गए ऑब्जर्वर

**रायपुर,24 नवंबर।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 के सभी 119 सीटों में 30 नवंबर को मतदान होना है. चुनाव के प्रचार प्रसार में राजनीतिक पार्टियां लगी हुई है. इस बीच छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल को तेलंगाना चुनाव में एआईसीसी ऑब्जर्वर की बड़ी जिम्मेदारी मिली है. एआईसीसी महासचिव मानिकराव ठाकरे के जारी आदेशानुसार छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल को तेलंगाना चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए जुबली हिल्स विधानसभा का एआईसीसी आब्जर्वर नियुक्त किया गया है. जुबली हिल्स से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद अजहरुद्दीन (पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम कप्तान) हैं. इस अवसर पर सुबोध हरितवाल ने कहा की पार्टी संगठन जो भी जिम्मेदारी देगा उसे पूरी ऊर्जा के साथ निभाते हुए कार्य करने का प्रयास करूंगा. साथ ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल और मानिकराव ठाकरे का आभार व्यक्त किया है.

### लखनऊ में मूवी टिकट होंगे महंगे

**लखनऊ ,24 नवंबर ।** लखनऊ में मूवी लवर्स वालों के लिए बुरी खबर है। लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) ने राजस्व बढ़ाने के लिए शहर के सिनेमाघरों पर अधिक कर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया है।

फिलहाल प्रति शो 25 रुपये नगर निगम टैक्स वसूला जाता है, लेकिन निगम ने इसे बढ़ाकर करीब 100 रुपये करने का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

मेयर सुषमा खरकवाल ने गुरुवार को कहा, सिनेमा हॉल पर टैक्स की समीक्षा कई सालों से नहीं की गई थी, इसलिए इसकी समीक्षा करना जरूरी है। रोजाना करीब 350 शो चलते हैं। अधिकारियों ने कहा कि अगर कर दरें बढ़ाई गईं तो एलएमसी चार गुना अधिक राजस्व अर्जित करेगी।

यूपी सिनेमा फेडरेशन के एक पदाधिकारी ने कहा, 'फैसला लेने से पहले कम से कम हमसे सलाह ली जानी चाहिए थी। इसका असर निश्चित तौर पर आम आदमी पर पड़ेगा। अगर सिनेमाघरों पर अधिक भुगतान करने के लिए दबाव डाला जाता है, तो उन्हें टिकट की कीमतें बढ़ानी होंगी।

### राजौरी मुठभेड़ पर सेना का बड़ा बयान

# कुछ आतंकवादी थे रिटायर पाकिस्तानी सैनिक

**श्रीनगर,24 नवंबर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि राजौरी जिले में मुठभेड़ में शामिल कुछ आतंकवादी सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक थे। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए पांच जवानों को केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सेना के अधिकारियों और पुलिस ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। पांचों जवानों के पार्थिव शरीर राजौरी से जम्मू के आर्मी जनरल अस्पताल लाये गये, जहां पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। दरमसाल के बाजीमल इलाके में बुधवार और बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-



इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमने पाया कि कुछ आतंकवादी सेवानिवृत्त (पाकिस्तानी) सैनिक थे। चूंकि यहां कोई स्थानीय भर्ती नहीं है, इसलिए पाकिस्तान विदेशी आतंकवादियों को यहां लाने की कोशिश कर रहा है। हम सभी विदेशी आतंकियों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने सेना के जवानों को खोया है लेकिन हमने आतंकवादियों का सफाया कर दिया है। हमारे वीर जवानों ने अपनी जान की परवाह किये बिना प्रशिक्षित विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने का काम किया। यह आतंकवादियों के इको-सिस्टम और पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है। इलाके में 20-25 आतंकी सक्रिय हो सकते हैं। हमें एक वर्ष के समय में स्थिति को नियंत्रित करने में सक्षम होना चाहिए आतंकियों से मुकाबला करते हुए अपनी जान न्योछावर करने वाले ये जवान कर्नाटक के मंगलोर के निवासी कैप्टन एम वी प्रांजल (63 राष्ट्रीय राइफल्स), उत्तर प्रदेश के आगरा के निवासी कैप्टन शुभम गुप्ता (9 पैरा), जम्मू-कश्मीर के पुंछ के निवासी हवलदार अब्दुल माजिद, उत्तराखंड के नैनीताल रहने वाले लांस नायक संजय बिष्ट और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पैराट्रूपर सचिन लौर हैं। अधिकारियों ने कहा कि तिरंगे में लिपटे, सेना के शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए जम्मू से उनके पैतृक स्थानों पर हवाई मार्ग से ले जाया जाएगा। मुठभेड़ में दो कैप्टन सहित पांच सैनिक भी शहीद हो गये।



रायपुर। नगर निगम मुख्यालय के पास स्थित चौक पर राजकीय पक्षी मैना की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## नेवी के 8 पूर्व अफसरों की सजा के खिलाफ भारत की याचिका स्वीकार

### कतर की अदालत ने सुनाई थी फांसी की सजा

**नई दिल्ली,24 नवंबर।** भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों की मौत की सजा के खिलाफ कतर की अदालत ने याचिका को स्वीकार कर ली है। भारत सरकार द्वारा यह याचिका दायर की गई है। जिस पर अदालत में जल्दी सुनवाई शुरु की जाएगी। आपको बता दें कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर को जासूसी के आरोप में भारतीय नौसेना के 8 अफसरों को मौत की सजा सुनाई थी। इन्हें अगस्त 2022 में इजराइल के लिए जासूस के रुप में काम करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अफसर डहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज और कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम करते थे। जिन अफसरों को कतर की अदालत ने सजा सुनाई थी उनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता और नाविक रागेश हैं। इन्हें कतर की खुफिया एजेंसी ने 30 अगस्त को दोहा से गिरफ्तार किया था।



## आईईडी की चपेट में आए 2 मजदूरों की मौत



**नारायणपुर,24 नवंबर।** जिले में नक्सलियों के प्लांट किये गए आईईडी की चपेट में आने से दो मजदूर की मौत हो गई है. वहीं एक गंभीर रूप से घायल है. घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह मामला छोटेडोंगर थाना इलाके के अमदई की पहाड़ी का है. मिली जानकारी के अनुसार, छोटेडोंगर क्षेत्रांतर्गत अमदई स्थित निको माइंस में सुबह काम करने मजदूर निकले थे. तभी नक्सलियों के प्लांट किये गए आईईडी की चपेट में तीन मजदूर आ गए. जिसमें दो की मौत हो गई जबकि एक घायल है. बताया जा रहा है कि आमदई निको माइंस के मजदूर जंगल की तरफ से काम पर जा रहे थे. इसी दौरान मजदूर का पैर पड़ा प्रेशर बम पर पड़ा, जिससे आईईडी ब्लास्ट हुआ. सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया था. इस आईईडी ब्लास्ट में पहले सूचना आई थी कि दो मजदूर चपेट में आए हैं. जिसमें एक की मौत और दूसरा घायल था. घटना की सूचना पर सुरक्षा बल सर्चिंग करने निकली. इस दौरान एक और लापता मजदूर की लाश मिली. आईईडी विस्फोट में घायल मजदूर के सिर में चोट आई है. उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल नारायणपुर रेफर किया गया है.

## ट्रक की टक्कर से तीन स्कूली बच्चे घायल

**राजिम,24 नवंबर।** पांडुका थाना क्षेत्र अंतर्गत रजनकटा मोड़ के पास नशे में चूर एक ट्रक चालक ने 3 स्कूली बच्चों को ठोकर मार दी. तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं. सभी को इलाज के लिए 108 की मदद से रायपुर रेफर किया गया है. जहां इलाज जारी है. पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है. बता दें कि, तीनों बच्चे रवेली ग्राम पंचायत से है, जो पाण्डुका आदिवासी आश्रम में पढ़ते हैं. जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे मोटरसाइकिल से से पढ़ने आ रहे थे. उसी दौरान ट्रक ने ठोकर मार दी. तीनों बच्चे एक ही गांव के और एक ही परिवार के बताया जा रहे हैं. वहीं एक घायल छात्र के पिता गीतेश्वर कश्यप का कहना है कि, हादसे के वक्त ट्रक ड्राइवर नशे में चूर था. वह पांडुका पेट्रोल पंप से बड़ी मुश्किल से ट्रक चलाते चारोधाम चौक से निकला और सड़क पर कई वाहनों को चपेट में लेने से बचते बचाते रजनकटा मोड़ के पास पहुंचा. जहां उस ट्रक चालक ने बच्चों को ठोंक दिया. ट्रक के टक्कर से मोटरसाइकिल की परखच्चे उड़ गए हैं. छात्रों को गंभीर चोट भी आई है. पुलिस आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत मे लेकर मामले की जांच कर रही है.



## निशिकांत दुबे ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,24 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को दाऊद इब्राहिम जैसे लोग पसंद हैं, जो गद्दार हैं। उन्होंने कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले में पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि अगर दाऊद इब्राहिम यूपी के आज़मगढ़ से लड़ता है, तो वह जीतेगा और ÷अगर ममता जी की थ्योरी सही है, तो इसका मतलब है कि दाऊद इब्राहिम गद्दार नहीं है। हालांकि, इससे वह किसी भी तरह से राष्ट्र-विरोधी से कम नहीं हो जाएगा। उनकी टिप्पणी तब आई जब सीएम ममता ने गुरुवार को पहली बार महुआ मोइत्रा पर कैश-फॉर-क्वेरी के आरोप पर बात की और कहा कि इससे अगले साल चुनाव में टीएमसी सांसद को मदद मिलेगी। निशिकांत दुबे ने कहा कि अगर दाऊद इब्राहिम भी उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ से चुनाव लड़ता है तो मुझे लगता है कि 99त्न संभावना है कि वह चुनाव जीत जाएगा। तो अगर ममता जी की थ्योरी सही है तो इसका मतलब ये है कि दाऊद इब्राहिम गद्दार नहीं है। उन्होंने (महुआ मोइत्रा) सिर्फ दर्शन हीरानंदानी को लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान नहीं किया। इसे कई स्थानों- दिल्ली, बेंगलुरु, सैन फ्रांसिस्को से लॉग इन किया गया था। यह एक बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबंधन का इतिहास है कि उन्हें दाऊद इब्राहिम जैसे भ्रष्ट, देशद्रोही व्यक्ति पसंद हैं। मोइत्रा द्वारा पैसे और उपहारों के बदले व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के साथ अपनी लोकसभा लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने के आरोप को लेकर भाजपा और टीएमसी दोनों आमने-सामने हैं। मामले की जांच के बाद निचले सदन से उन्हें निष्कासित करने की लोकसभा आचार समिति की सिफारिश के बीच कृष्णानगर सांसद को विवाद का सामना करना पड़ रहा है। दुबे ने दावा किया कि मोइत्रा ने न केवल व्यवसायी के साथ अपने सरकारी लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किए, बल्कि यह (लोकसभा साइट) कई स्थानों- दिल्ली, बेंगलुरु, सैन फ्रांसिस्को- से लॉग इन किया गया था। पूरे मामले पर ममता ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा था कि वे (भाजपा) महुआ को निष्कासित करने की योजना बना रहे हैं। इससे वह तीन महीने के लिए लोकप्रिय हो जाएंगी।



## चार दिन का युद्धविराम आज से लागू, 13 बंधक होंगे रिहा

**यरुसलम,24 नवंबर।** इज़राइल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम समझौता शुक्रवार (24 नवंबर) सुबह शुरू होगा, जिसके बाद दिन में नागरिक बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। मध्यस्थ कर रहे कतर ने इस बात की जानकारी दी। यह ब्रेकथ्रू समझौता एक दिन पहले ही लागू होना था, लेकिन इसे शुक्रवार तक के लिए टाल दिया गया। हालाँकि दोनों पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, लेकिन इज़रायली सरकार के सूत्र ने बताया कि हमास ने और माँगें की हैं। इजरायली सेना के अनुसार, फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर अपने आश्चर्यजनक हमले के दौरान 26 देशों के विदेशी नागरिकों सहित 200 से अधिक बंधकों का अपहरण कर लिया।

दोनों पक्ष चार दिनों के लिए लड़ाई रोकने पर सहमत हुए हैं ताकि गाजा में हमास और अन्य समूहों द्वारा बंदी बनाई गई 19 वर्ष से कम उम्र की 50 महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जा सके। बदले में, इज़राइल 150 फिलिस्तीनी कैदियों - सभी महिलाओं और बच्चों - को इजरायली जेलों से रिहा करेगा, द गार्जियन ने हमास का हवाला देते हुए बताया। पश्चिम एशियाई राष्ट्र गाजा पर अपने हमले को चार दिनों के लिए ÷मानवीय रूप से रोकने÷ पर सहमत हो गया है। इज़राइल ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक 10 अतिरिक्त बंधकों को मुक्त कराने के लिए युद्धविराम को एक दिन के लिए बढ़ाया जाएगा। हमास का कहना है कि संघर्ष विराम के दौरान इज़राइल दक्षिणी गाजा में हवाई उड़ानें रोक देगा और उत्तर में इसे प्रतिदिन छह घंटे तक सीमित कर देगा। इज़राइल मिस्र के साथ राफा सीमा के माध्यम से सहायता राहत, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन से भरे सैकड़ों ट्रकों को गाजा में प्रवेश की अनुमति देगा। युद्धविराम वार्ता में कतर के मुख्य वार्ताकार, विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मोहम्मद अल-खुलैफी ने कहा कि संघर्ष विराम समझौते के तहत ÷कोई हमला नहीं, कोई सैन्य हलचल नहीं, कोई विस्तार नहीं, कुछ भी नहीं होगा।÷

आज गाजा से लगभग 13 बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि उनके नामों का खुलासा नहीं किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा कि वे सभी इजरायली हैं, जिनमें कुछ दोहरे नागरिक भी शामिल हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इन बंधकों के रिश्तेदारों को उनकी रिहाई के बारे में सूचित कर दिया गया है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी के अनुसार, पहले बैच में एक ही परिवार के बंधकों को एक साथ मुक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुक्त कराए जाने वाले बंधकों की सूची इजरायली खुफिया सेवा मोसाद को उपलब्ध करा दी गई है। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, संघर्ष विराम समझौते के तहत हमास द्वारा मुक्त की जा रही 50 महिलाओं और बच्चों में तीन अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें एक लड़की भी शामिल है, जो आज चार साल की हो गई है। 7 अक्टूबर के हमास के हमलों के बाद गठित एक समूह, बंधकों और लापता परिवार फोरम का कहना है कि गाजा में 201 इजरायलियों को बंदी बनाया जा रहा है।

### एक की दो हफ्ते बाद शादी थी, दूसरे के घरवाले खोज रहे थे दुल्हन, तीसरे के भाई भी हो चुके हैं शहीद

# देशभक्ति के पांच बहादुर चेहरे



**श्रीनगर,24 नवंबर।** जम्मू कश्मीर के में 5 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए. राजौरी में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में ये जवान शहीद हो गए. इनमें दो कैप्टन भी थे. वहीं, जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने लश्कर के दो आतंकियों को भी ढेर कर दिया. राजौरी में दरमसाल के बाजीमल इलाके में 36 घंटे चली इस मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर भी शामिल है. इस पाकिस्तानी आतंकी ने अफगानिस्तान में ट्रेनिंग ली थी. इसके बाद दहशत फैलाने के लिए बॉर्डर के रास्ते भारत में घुसपैठ की थी. आतंकियों के साथ फायरिंग बुधवार को शुरू हुई थी. लेकिन बुधवार रात को इलाके को चारों तरफ से घेरकर फायरिंग बंद कर दी गई थी. गुरुवार सुबह आतंकियों ने फिर फायरिंग की. जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए. मारे गए लश्कर कमांडर की पहचान कारी के तौर पर हुई है. कारी पाकिस्तानी नागरिक और हार्डकोर आतंकी था. उसकी ट्रेनिंग पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हुई. वह लश्कर का हाईरैंक आतंकी था. कारी पिछले एक साल से अपने साथियों के साथ राजौरी-पुंछ में एक्टिव था, वह डांगरी और कांडी में हुए आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड था. पाकिस्तान के द्वारा कारी को घाटी में आतंकवाद को पुनजीवित करने के लिए भेजा गया था. कारी आईईडी एक्सपर्ट था. वह ट्रेन्ड स्निपर था और घने जंगल में छिपता था और साजिश के तहत हमले के अंजाम देता था. मुठभेड़ के दौरान बुधवार को चार आर्मी जवान शहीद हो गए थे. इनमें दो कैप्टन भी थे. जबकि एक मेजर और जवान जख्मी हो गए थे. दोनों का इलाज आर्मी कमांड हॉस्पिटल उधमपुर में चल रहा है. इस ऑपरेशन में शहीद हुए अफसरों और जवानों मे कैप्टन एमवी प्रांजल (मैंगलोर, कर्नाटक), कैप्टन शुभम गुप्ता (आगरा, यूपी), हवलदार अब्दुल माजिद (पुंछ, जम्मू कश्मीर), लांस नायक संजय बिस्ट (उत्तराखंड) और पैराट्रूपर सचिन लौर (अलीगढ़, यूपी ) शामिल हैं.

**कैप्टन एमवी प्रांजल**-राजौरी में सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों में कैप्टन एमवी प्रांजल भी शामिल हैं. कैप्टन प्रांजल 63 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे. कर्नाटक के मैसूर के रहने वाले सेना के अफसर कैप्टन प्रांजल सिर्फ 28 के थे. वे Manglore Refiner 4 के पूर्व MD वेंकटेस के इकलौते बेटे थे. प्रांजल की शादी दो साल पहले बेंगलुरु की अदिति से हुई थी. शादी से कुछ समय पहले ही उनकी तैनाती कश्मीर में हुई थी.

**कैप्टन शुभम गुप्ता**-आगरा के कैप्टन शुभम गुप्ता भी राजौरी एनकाउंटर में शहीद हो गए. कैप्टन शुभम के पिता बसंत गुप्ता आगरा में डिस्ट्रिक्ट गवर्नमेंट काउंसलर जिला अदालत में है. परिवारवाले इस वर्ष शुभम की शादी की तैयारियों में थे. इसी बीच शुभम के शहीद होने की खबर आ गई. शुभम के शहीद होने की खबर जैसे ही सेना की ओर से शुभम के परिजनों को दी गई तो घर में शोक की लहर दौड़ गई. शुभम की मां बेसुध हो गईं. पिता पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा.

**हवलदार अब्दुल माजिद**-इस ऑपरेशन में जम्मू कश्मीर के अब्दुल माजिद भी शहीद हुए हैं. माजिद एक पैरा कमांडो थे. उनका परिवार एलओसी पर जीरो-लाइन और सीमा बाड़ के बीच स्थित अजोट गांव में रहता है. माजिद की शहादत की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई. माजिद की पत्नी और तीन बच्चे भी हैं. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. हालांकि, परिजनों को बेटे की शहादत पर गर्व है. माजिद के भाई भी जम्मू कश्मीर लाइट इन्फेंट्री (जेकेएलआई) के सैनिक थे, जो वर्ष 2017 में पुंछ के एक इलाके में शहीद हुए थे.

**लांस नायक संजय बिष्ट**-आतंकियों से लोहा लेते हुए उत्तराखंड के संजय बिष्ट की शहीद हो गए. वे 19 कुमाऊं पैरा में तैनात थे. बिष्ट रामगढ़ के हली गांव के रहने वाले थे. अभी उनकी अभी शादी नहीं हुई थी. संजय की शहादत की खबर सुनते ही उनके परिवार में मातम पसर गया. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. संजय 2012 में सेना में भर्ती हुए थे. उनके घर में पिता दीवान सिंह, मां मंजू, बहन ममता और भाई हैं.

**पैरा ट्रूपर सचिन लौर**-इस मुठभेड़ में अलीगढ़ के जवान सचिन भी शामिल हैं. सचिन की कुछ दिन बाद ही शादी थी. सचिन के अलावा परिवार में बड़े भाई और माता पिता हैं. सचिन की शहादत की खबर सुनकर पूरे गांव में मातम छा गया. सचिन के पिता किसान हैं. इससे पहले 20 अप्रैल और 5 मई को पुंछ के मेंढर इलाके और राजौरी के कांडी जंगल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमलों में 10 जवान शहीद हो गए थे. अधिकारियों के मुताबिक, इस साल जनवरी से अब तक सीमावर्ती जिलों राजौरी और

## एक नजर

### सोनपुर में आयोजित भागवत कथा का हुआ समापन



**अंवरी 24 नवंबर।** ग्राम सोनपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, भुनेश्वरी शरण जी व्यास के कृपा पात्र शिष्य महाण्डलेश्वर गोवर्धन शरण जी सिरकट्टी आश्रम कुटेना वाले के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। पंडित जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने रातभर इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद साबरसाटी परिवार के द्वारा उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### माँ आंगरमोती में मड़ई मेला



**अंवरी 24 नवंबर।** अंवरी अंचल के गांव ग्राम पुरेना में स्थापित दशकों पुरानी मां अंगार मोती की पूजा अर्चना और देवारी मंडई 50 सालों से भी अधिक समय से दीपावली के पश्चात पड़ने वाले शुक्रवार को मनाए जाने की परंपरा रही है जिसमें ग्राम पुरेना सहित आसपास के गांवों से ही नहीं बल्कि दूरदराज क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचते है। लेकिन पहली बार के श्रद्धालु और जागरूक ग्रामीणों ने शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान होने के कारण उसे आज शुक्रवार 24 नवम्बर को रखा गया है। रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी मंदलोर चंपारण का कार्यक्रम रखा गया है।

### मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद 24 नवम्बर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 के दिन मतगणना निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रभात मलिक ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के मतगणना स्थल क्षेत्र में स्थित देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार महासमुंद, देशी मदिरा दुकान बेमचा रोड, देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड, विदेशी मदिरा दुकान शीतलीनाला, विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान महासमुंद तथा एफ.एल.-3 होटल सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट को मतगणना के अवसर पर 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस के लिए बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मतगणना स्थल क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# पवन साय चुनाव के बाद मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पहुंचे डोंगरगढ़

## माता के दर्शन व पूजा अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में हुए मतदान की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री श्री पवन साय छत्तीसगढ़ के चुनाव संपन्न होने के बाद मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचे माता के दर्शन व पूजा अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में हुए मतदान की जानकारी ली व कार्यकर्ताओं के साथ अन्य विधानसभा में हुए मतदान व भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बने माहौल की जानकारी दी साथ ही हम सब के आराध्य भगवान श्री राम के भाव्या अयोध्या में हो रहे मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर प्रदेश में पुनः दिवाली के रूप में मनाने व घर-घर दिया जलाना मंदिरों में पूजा पाठ आदि की रूपरेखा जो तैयार हुई है उस पर विस्तृत चर्चा हुई साथ ही कार्यकर्ताओं को अस्वस्थ किया की प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पुनः वापसी आप कार्यकर्ताओं के दम पर होने जा रही है छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के प्रति पुनः विश्वास जताया है और अपना मत दिया है इस मौके पर उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा राजनांदगांव जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष





रमेश पटेल विधानसभा डोंगरगढ़ के संयोजक हरविंदर सिंह मंगे जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद खांडेकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्रीमती गीता साहू वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत द्विवेदी दिनेश गांधी, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल मंडल अध्यक्ष अमित जैन जिला मंत्री रघुवीर बाधवा डॉक्टर कुशवाहा तुलसी मिश्रा महामंत्री संतोष राव डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर डोंगरगढ़ प्रत्याशी के अभिकर्ता हरीश मोटघरे जिला किसान मोर्चा के महामंत्री घासी साहू युवा मोर्चा के विधानसभा प्रभारी जसमीत सिंह डोंगरगढ़ विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक नागेंद्र सिंह परिहार युवा भाजपा नेता लक्ष्मण यादव सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी भागवत नामदेव किशन लाल साहू जयंत साहू कन्हैया अग्रवाल शंभू गुप्ता शासित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पत्नी को जान से मारने वाले पति को आजीवन कारावास

■ मामला- 9 जनवरी गोविंदपुर में महिला की बेरहमी से हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 नवंबर।** पत्नी को हसिया से वार कर जान लेने वाले आरोपी पति को अपर सत्र न्यायधीश की अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सोयल सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि लखोली राजनांदगांव में रहता है तथा दसवी तक पढ़ाई किया है दिनांक 09/01/2021 को वह अपनी मामी रेखा बाई सेन के साथ लखोली से अपने मोटर सायकल से मृतिका के पुत्र आठ वर्ष के साथ दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक लाल बहादुर नगर में खाता ट्रासफर कराने आये थे प्रार्थी को बैंक में फार्म नही भर पाने पर अपने भाई छगन सेन गोविन्दपुर के यहा फार्म भरवाने आया था तथा खाना खाकर 3.00 बजे घटना दिनांक को राजनांदगांव लखोली वापस लौट रहे थे रास्ते में गोविन्दपुर श्मशान घाट पुल के पास रोड़ किनारे उनके मामा गोपी सेन पिता केजू राम सेन उम्र 40 वर्ष निवासी मकाटोला पुलिस चौकी चिचोला द्वारा सायकल को उनके मोटर सायकल के सामने फेक दिया जिससे वे तीनो मोटर सायकल से गिर गये तब आरोपी ने अपने पास रखे हसिया से उनके मामी को जान से मारने की नियत से तावड-तोड वार करने लगा जिससे रेखा बाई सेन को कई जगह गंभीर चोट पहुंची तथा क्रूरतापूर्वक हसिया से मारते देख कर वह बहुत डर गया और उनकी पुत्री को पकड़ कर गोविन्दपुर जाकर घर वालो को बताया तथा गांव के अन्य लोगो द्वारा देखने घटना स्थल पर पहुंचा तो रेखा बाई की मृत्यु हसिया से मारने पर हो गया था जिसमें अपराध क्रमांक 0/21 धारा 302 भा.द.स. दर्ज किया गया उपरोक्त धारा के तहत थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 19/2021 दर्ज किया गया सबुत पाये जाने पर धारा 302 के तहत दिनांक 10/11/2023 को अपर सत्र न्यायाधीश डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव पीठासीन अधिकारी अनिष दुबे द्वारा आरोपी गोपी सेन पिता केजू राम सेन उम्र 40 वर्ष निवासी मक्काटोला को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 1000/- रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है अर्थ दण्ड कि राशि अदा न करने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त दण्ड भुगतने का आदेश दिया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के द्वारा पैरवी की गई।

## पैसा नही देने पर की थी युवक से मारपीट

**राजनांदगांव 24 नवंबर।** प्रकरण सदर में घटना दिनांक 18.11.2023 को आरोपी करण टाकरी मोतीपुर काई तालाब के पास प्रार्थी को बुलाकर अपने साथी गौरव मेश्राम, सुधांशु पात्रे, नावेन्द्र उर्फ नवल मानिकपुरी के साथ मिलकर प्रार्थी से गांजा पीने के लिये पैसे का मांग करने लगे जिसे पैसा नही है बोलने पर आरोपीगण प्रार्थी को मॉ बहन का अश्लील गाली गलौच करते हुए तालाब किनारे निर्माणधीन मकान के पास हाथ मुक्का एवं पाईप से मारपीट किये थे जिस पर पुलिस चौकी चिखली में धारा 294,323,327,506,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, श्रीमान् श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से बदमाशों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु टीम गठित कर पतासाजी कर दबिश देकर आरोपीगण 01. करण टाकरी पिता स्व0 शंकर टाकरी उम्र 23 साल 02. गौरव मेश्राम पिता वामन मेश्राम उम्र 20 साल 03. सुधांषु पात्रे पिता मुकेष पात्रे उम्र 23 साल 04. नवल मानिकपुरी उर्फ नावेन्द्र पिता शत्रुहन मानिकपुरी उम्र 18 साल सभी निवासी मोतीपुर - रामनगर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकडा गया व आरोपीगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। इसी तरह से क्षेत्र के गुण्डा बदमाशो पर नजर रखी जा रही है, अभियान कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 राजकुमार बंजारा, कमल साहू, बीरबल सिंह राजपूत, क्षत्रपाल वर्मा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## अवैध शराब बिक्री पर घुमका पुलिस की कार्यवाही

**राजनांदगांव 24 नवंबर।** घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 23/11/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम भालूकोन्हा निवासी आरोपी बिसौहा यादव के द्वारा अपने घर के सामने हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब बिक्री करते हुए पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से कुल 4 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रूपये बिक्री रकम 150 नगदी जप्त किया गया आरोपी के विरूध्द थाना घुमका में अपराध क्रमांक 156/23 धारा 34(1)आबकारी एक्ट कायम कर विधिवत कार्यवाही की गई ।



# गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर के लिए स्वयंसेविका लीना गजेन्द्र का चयन

**धमतरी 24 नवंबर।** छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका लीना गजेन्द्र का चयन मध्य क्षेत्रीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2023 हरिद्वार उत्तराखंड के लिए हुआ है। प्रतिवर्ष भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन जनवरी माह गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगे झंडे को सलामी देने के लिए आयोजित किया जाता है। इस वर्ष रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ उत्तरप्रदेश के द्वारा देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड की संगठन व्यवस्था में 20 नवम्बर से 29 नवम्बर 2023 को आयोजित किया जाएगा। मध्य क्षेत्रीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड,बिहार, झारखंड,मध्यप्रदेश एवम छत्तीसगढ़ के कुल 200 स्वयंसेवकों की सहभागिता रहेगी। जिसमे स्वयंसेविका लीना गजेन्द्र छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्य क्षेत्रीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर 2023 हरिद्वार उत्तराखंड के लिए चयनित होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक दो आकांक्षा मरकाम एनसीसी अधिकारी दिनेश्वर सलाम एवम समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ सहित स्वयंसेवक रूपेश देवांगन ,अपर्णा शर्मा, कुशल डिंडोलकर, हेमचरण, तरूण सोनकर, टीमेश साहू ,केशर साहू, योगेंद्र साहू संकेत साहू, अनिता, खोमेश्वरी,विभा,रश्मि व अन्य सभी स्वयंसेवकों ने शुभकामनाएं दी।



# आयुक्त ने कार्तिक पूर्णिमा पर महादेव घाट में विशेष सफाई के दिए निर्देश

**रायपुर 24 नवंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने कार्तिक पूर्णिमा (पुन्नी मेला) दिनांक 27 नवंबर 2023 सोमवार को महादेवघाट में रायपुर सहित आसपास के गाँवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्नान एवं पूजा - अर्चना सहित मेला स्थल का भ्रमण करने को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ए. के. हालदार , जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियन्ता जल श्री नर सिंग फरेन्द्र,कार्यपालन अभियन्ता विद्युत श्री कमलेश वर्मा को खारून नदी महादेवघाट में घाटों एवं पचरियों की विशेष सफाई , आवश्यकता के अनुसार पेयजल टैंकरों की व्यवस्था,पूरे परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, आवारा मवेशियों की धरपकड़, मच्छरमार दवाईयों के छिड़काव, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कपड़े बदलने हेतु अस्थाई कक्षध् शेड की व्यवस्था, अग्निशमन वाहनों की कमांडेट होम गॉर्ड से समन्वय कर व्यवस्था, मेला स्थल पर प्राथमिक उपचार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर चिकित्सा दल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में प्रभावशील आदर्श निर्वाचन आचार संहिता, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सहित कोविड 19 के दिशा - निर्देशों का पूर्ण पालन करवाते हुए सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## कलेक्टर ने खुले गढ्ढे में डुबने से मृत्यु के संबंध में लिया तत्काल संज्ञान

**राजनांदगांव 24 नवम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आसरा में 22 नवम्बर 2023 को आंगनबाड़ी केन्द्र के पीछे खुले गढ्ढे में ग्राम के बालक भरत पिता श्री सतीश कंवर की डुबने से मृत्यु हो जाने की घटना के संबंध में तत्काल संज्ञान लिया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को इस संबंध में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र के पीछे खुले गढ्ढे का होना अत्यंत आपत्तिजनक है तथा घटना का प्रथम दृष्टया परीक्षण करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्र आसरा क्रमांक 04 श्रीमती अनुसुईया करियाम द्वारा अपने कर्तव्यों के बारे में घोर लापरवाही किया जाना परिलक्षित होता है। इसके लिए आगामी आदेश तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनुसुईया करियाम की सेवाओं को स्थगित किया गया है तथा प्रारंभिक तौर पर सचिव ग्राम पंचायत आसरा श्री किशन कोलियारा को निलंबित किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना डोंगरगांव के परियोजना अधिकारी श्री वीरेन्द्र कुमार साहू एवं पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी सोनकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पंचायत को भी जांच के दायरे में लिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर पंचायत में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के पीछे खुला गढ्ढा होने के संबंध में जांच अधिकारी बना दिया गया है।

# चाकूबाजी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 नवंबर।** 23 नवंबर को प्रार्थी राकेश सिंह प्रजापति पिता स्व0 गैंदलाल प्रजापति निवासी शेरे पंजाब गली तुलसीपुर राजनांदगांव थाना बसंतपुर उपस्थित होकर पप्पु पठान के विरूध में लिखित आवेदन जिसमे पप्पु पठान द्वारा उनके भाई पुरूषोत्म प्रजापति को मामुली बात पर अश्लील गाली गलौज करते आक्रोशित होकर जान से मारने की नियत से चाकु से वार किया है पेश किया आवेदन का अवलोकन पर पाया धारा सदर का अपराध पाये जाने से अपराध क्रमांक 579/2023 धारा -294 ,506 बी ,307 भादवि0 अपराध कायम कर विवेचना मे लिया विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन अपराध की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व मे तत्तकाल टीम गठित कर थाना बसंतपुर के अपराध क्रमांक 579/2023 धारा - 294 ,506 बी ,307 भादवि0 के आरोीप की पतासाजी व गिरफ्तारी हेतु ग्राम सिंगदई की ओर रवाना हुए थे कि आरोपी पुलिस को देखकर मामले का आरोपी शेख जसमुदिदन ऊर्फ पप्पु पठान लुक छिप रहा था जिसे घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर मनोवैज्ञानिक तरिके से पुछताछ करने पर दिनांक घटना समय को ग्राम सिंगदई मे पुरूषोत्तम प्रजापति को मामुली विवाद पर ताव मे आकर जान से मारने की नियत से चाकु से ताबडतोड वार करना कबुल किया जिसका गवाहो के समक्ष मेमोरण्डम कथन तैयार कर घटना मे प्रयुक्त एक धारधार चाकु को जप्ती किया गया । आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबुत पाये जाने से आज दिनांक को 23.11.2023 को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड तैयार किया गया है उक्त् सम्पूर्ण कार्यवाही मे निरीक्षक थाना प्रभारी विजय मिश्रा , उप निरीक्षक राकेश पटेल ,सउनि गोवर्धन देशमुख ,सउनि इब्राहिम खान, आरक्षक देवेन्द्र पाल एंव कमल किशोर , आर0 मुंजलाल ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।



## मतगणना के लिए 384 अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**राजनांदगांव 23 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतगणना कार्य रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव स्थित मतगणना केन्द्र में किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे तथा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। हर विधानसभा के लिए 2-2 टेबल कुल 8 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाए जाएंगे। सामान्य प्रेक्षक, रिटर्निंग आफिसर, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे खोला जाएगा। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस की मतगणना की जाएगी। उसके आधे घंटे के बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल पर एक गणना प्रेक्षक, एक गणना सहायक, एक माईक्रोआब्र्जवर की नियुक्ति की गई है। मतगणना स्थल में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक मीडिया सेंटर तथा उदघोषक कक्ष रहेगा। अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 28 नवम्बर 2023 को तीन पालियों में होगा। 2 दिसम्बर 2023 को मतगणना स्थल पर सुबह 11 बजे से रिहर्सल होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि मतगणना कार्य में 384 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ईव्हीएम लाने एवं ले जाने के लिए भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। 72 कर्मचारियों की ड्यूटी ईव्हीएम लाने एवं ले जाने के लिए लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि मतगणना हाल में रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रेक्षक के अतिरिक्त किसी को भी मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन अभिकर्ताओं को हाल में घुमने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी के स्थान पर केवल एक व्यक्ति या अभ्यर्थी या अभिकर्ता टेबल पर उपस्थित होना चाहिए। पुलिसकर्मी मतगणना हाल के द्वार पर तैनात रहेंगे। रिटर्निंग अधिकारी के अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति हाल में प्रवेश या निकासी नहीं कर सकता। मतगणना केन्द्र में कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।



## मोहारा मेला स्थल का गत दिनों निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया

# मोहारा मेला के लिये निगम आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 नवम्बर।** इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन 26,27 व 28 नवम्बर को किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का गत दिनों निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निरीक्षण किया और व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मोहारा मेला स्थल में नगर निगम द्वारा आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराने व अन्य कार्यो के निष्पादन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों की शिप्ट में ड्यूटी लगायी। आयुक्त श्री गुप्ता ने निगम के अधिकारियों से कहा कि नदी के किनारे बेरिकेटिंग के अलावा बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था तीनों दिन सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इसके लिये उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों की शिप्ट में ड्यूटी भी लगायी है, जिसमें मोहारा मेला के नोडल अधिकारी प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव मो. नं. 94252 40491 को बनाया गया है और मेला के सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम मो.नं. 83190 70267 का दायित्व सौपा गया है। साथ ही प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती मो.नं. 70000 35484 एवं उप अभियंता श्री दीपक माहला मो.नं. 96913 91911 को सहायक प्रभारी तथा उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष मो.नं. 83495 05814, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर मो.नं. 99938 42086 व लाईनमेन श्री किशन गावरे मो. नं. 88896 53352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त अधिकारी अपने सहियोगियों के साथ पर्याप्त पेयजल एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था, आवश्यकता अनुसार बेरिकेटिंग तथा मेले में दुकानों की व्यवस्था के अलावा मेला स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था संबंधी दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि मोहारा मेला स्थल पर सम्पर्ण सफाई व्यवस्था का प्रभारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा मो. नं. 79996 98498 को, सहायक प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 70006 70033 को एवं सहयोगी का प्र. स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम मो.नं. 75874 93435 को दायित्व सौपा गया है। साथ ही पेयजल व्यवस्था का प्रभारी सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को दायित्व सौपा गया है। इसके अलावा 26,27 व 28 नवम्बर तीनों दिन दो शिप्ट में व्यवस्था में सहयोगी का दायित्व उप अभियंतागण, सहायक ग्रेड-3 व सहायक राजस्व निरीक्षकों को सौपा गया है।



## संपादकीय

# व्यवस्था में कुछ कमी तो होग हीं

आदमी आदर्श व्यवस्था की कल्पना करता है, वह सोचता है कि यह व्यवस्था आदर्श होगी। इस व्यवस्था से आदमी को कोई परेशानी नहीं होगी। हर व्यवस्था में कोई न कोई कमी खामी होती है और उसका पता चलने के बाद आदमी व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करता है या नई व्यवस्था बनाने का प्रयास करता है। यही वजह है कि हर क्षेत्र में पुरानी व्यवस्था बदलती रहती है और नई व्यवस्था उसकी जगह लेती रहती है।आदमी किसी भी व्यवस्था से संतुष्ट नहीं होता है। हर तरह की व्यवस्था उसके भीतर असंतोष पैदा करती है। क्योंकि जिसे वह आदर्श व्यवस्था मानता है,वह हकीकत में कोई आदर्श व्यवस्था नहीं होती है। इसकी वजह है मनुष्य के भीतर के दुर्गुण। आदमी अपने दुर्गुण के कारण हर व्यवस्था को बुरा बना देता है। कोई भी व्यवस्था बुरी नहीं होती है, आदमी के भीतर की बुलाई उसे भ्रष्ट कर देती है। वह व्यवस्था को बदला लेने का हथियार बना लेता है। अयोग्य को पुरस्कार देने का माध्यम बना लेता है। करता सब मनुष्य है और बुरा कहा जाता है व्यवस्था को। कोई भी व्यवस्था अच्छी होती है या बुरी उसका पता इस बात से चलता है कि उस व्यवस्था को चलाने वालों में ज्यादा कौन है, बुरे है कि अच्छे है। अगर व्यवस्था को चलाने वाले ज्यादातर लोग बुरे है तो व्यवस्था बुरी होगी, वह कुछ लोगों को परेशानी करने वाली होगी तथा कुछ लोगों को पुरस्कृत करने वाली होगी। अगर व्यवस्था मे अच्छे लोग ज्यादा होंगे तो व्यवस्था अच्छी होगी।यह योग्य और अयोग्य में फर्क करने वाली होगी। इसमें पक्षपात की गुंजाइश कम होगी। न्याय क्षेत्र में आजादी के बाद न्यायाधीशों की नियुक्ति की जो व्यवस्था चली आ रही थी। एक वक्त के बाद वह न्यायाधीशों के लिए ठीक नहीं मानी गई। इस व्यवस्था में न्यायाधीशों को लगता था उनकी बात सुनी नहीं जा रही है, वह जैसा चाहते हैं, वैसा हो नहीं रहा है। इसलिए न्याय क्षेत्र के लोगों ने अपने लिए कालेजियम व्यवस्था बनाई। इस व्यवस्था में देश व प्रदेश के लिए जजों का चयन तो कालेजियम करता है लेकिन उनकी जांच व स्वीकृति देने का काम सरकार करती है। इस व्यवस्था में भी न्याय क्षेत्र के लोग संतुष्ट नहीं है।वह चाहते हैं कि उन्होंने जो नाम भेजे हैं, सरकार उनको स्वीकृति दे दे। कोई मीन मेख निकाले। कई बार ऐसा होता है कि कालेजियम से जो नाम सरकार को भेजे जाते हैं, सरकार को जांच करती है, उसमें वक्त लगता है, वह कई नामों को सरकार रोक देती है। उनको मंजूरी नहीं देती है तो न्याय क्षेत्र के लोगों को बुरा लग जाता है। उनका मानना है कि न्याय क्षेत्र में वही होना चाहिए जो वह चाहते हैं। वह जो कुछ करते है, वह सही होता है। पहले सरकार भी यही समझती थी कि न्याय क्षेत्र के लिए वह जो कर रही है, वही सही है लेकिन किसी व्यवस्था में जो बुराई होती है। वह तो सरकार के समय भी न्याय क्षेत्र में थी और कालेजियम से समय भी है। न्याय क्षेत्र में वह सब बुलाई है जो राजनीति के क्षेत्र में है। भाईभतीजावीद, भ्रष्टाचार,अयोग्य को आगे बढ़ाना, योग्य को मौका नहीं देना, बदले के लिए तबदला करना, परिवारवाद को बढ़ावा देना। यह सारी बुराई राजनीति में है तो न्याय क्षेत्र में भी है। न्याय क्षेत्र के लोग कई बार अपनी बातों से यह बताने व जताने की कोशिश करते है वह तो राजनीति के क्षेत्र के लोगों से बेहतर हैं लेकिन उनकी पोल अक्सर तब खुलती है जब कोई रिटायर होनो के बाद बताता है कि उसके साथ क्या किया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकल दिवाकर ने कालेजियम को लेकर कहा हैकि 2018 में उनका तबादला उन्हें परेशान करने के लिए किया गया था। वह रिटायर होने के बाद ऐसा बता पा रहे हैं, इससे साफ पता चलता है कि कालेजियम की व्यवस्था उतनी अच्छी तो नहीं है जितनी अच्छी उसे बताने का प्रयास किया जाता है।

# इजराइल हमास युद्ध-सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू

**चर्चित मुद्दा**

**किशन सनमुखदास भावनानी**



**कतर पिछले समय में भू-राजनीतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बता दें कि अमेरिका हमास के साथ डायरेक्ट डील में शामिल न होकर कतर के जरिये इसमें साथ रहा। ऐसा इसलिए है क्योंकि इजराइली हमले में अमेरिकी नागरिक भी मारे गए थे, और कुछ अमेरिकी अभी हमास की कैद में हैं।**

वैश्विक स्तरपर कुछ देशों में आपसी मनमुटाव के संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध का रूप धारण कर लिया है,जिसके पीछे पूरी दुनिया के देशों का पक्ष, विपक्ष समर्थन और न्यूट्रल के रहने से दुनियां तीन खेमों में बट गई थी है, जिसका परिणाम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदमों से पूरी मानव जाति चिंतित है। परंतु दिनांक 22 नवंबर 2023 को अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम मानवीय संघर्ष विराम समझौता जो अभी चार-पांच दिनों का है और पूरी संभावना है कि इसकी अवधि जरूर बढ़ेगी,उसने फिर एक बार दिखा दिया है कि आपसी वार्ता में दम है, यही वह अस्त्र है जिससे बढ़ती मानवीय जनहानि,प्राकृतिक संसाधनों का विनाश और भयंकर युद्ध के प्रकोप को रोका जा सकता है। एक ओर यह सफलता मिली है तो दूसरी ओर अब रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह प्रयास किए जाने चाहिए। चूंकि कूटनीतिक जीत के सफल नतीजे आए हैं।



इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित कर वार्ता से सफलता मिलने की कहावत पर मोहर लगाई है।

साथियों बात अगर हम इजराइल हमास युद्ध विराम के लिए मानवीय संघर्ष विराम समझौते की करें तो,बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया।बयान में कहा गया है, युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है।बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है।बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जाएगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। इजराइल कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी।

साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं।उन्होंने कहा, मैंइजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया।यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्त्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी। साथियों बात अगर हम इस समझौते में अमेरिका कतर मिस्त्र तुर्की के योगदान की करें तो, बाइडेन ने इस डील को संभव बनाने के लिए कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। कतर पिछले समय में भू-राजनीतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बता दें कि अमेरिका हमास के साथ डायरेक्ट डील में शामिल न होकर कतर के जरिये इसमें साथ रहा। ऐसा इसलिए है क्योंकि इजरायली हमले में अमेरिकी नागरिक भी मारे गए थे, और कुछ अमेरिकी अभी हमास की कैद में हैं।कतर के प्रधान मंत्री ने रविवार को कहा था कि अस्थायी युद्धविराम के बदले में कुछ बंधकों को मुक्त करने का समझौता मामूली व्यावहारिक मुद्दों की वजह से रुका है और इसमें जल्द कामयाबी मिलेगी। वहीं सोमवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उनका मानना ??है कि बंधकों को मुक्त करने का समझौता करीब है।जब उनसे पूछा गया कि क्या बंधक समझौता निकट है, तो उन्होंने कहा मुझे ऐसा विश्वास हैइस पीस डील के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों में मोसाद चीफकतर की राजधानी दोहा के दौरे पर भी गए थे। यहां उनकी कई शीर्ष नेताओं से गुप्त मुलाकात हुई थी, लेकिन तब बात नहीं बनी थी। दरअसल इजरायली पीएम अपने रुख में किसी किस्म की नरमी का संकेत दुनिया को नहीं देना चाहते थे। वे हमेशा से यही कहते रहे कि वे अपने सभी 240 बंधकों की रिहाई चाहते हैं इसके अलावा वे हमास का खात्मा भी चाहते हैं। यही वजह है कि सीजफायर के बावजूद वे कह रहे हैं कि जंग को बंद समझना बकवास है। इस पीस डील को मुकाम पर पहुंचाने में कतर, मिस्त्र के अलावा तुर्किये ने भी अहम भूमिका निभाई है। तुर्किये कुछ मुस्लिम देशों के सीनियर अधिकारियों को मिलाकर बने ग्रुप में सक्रियता से काम कर रहा था। ये ग्रुप इजरायल हमास में सीजफायर के लिए सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों और दूसरे अहम देशों से बात कर रहा था। इस ग्रुप में तुर्किये, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, नाइजीरिया, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, फिलिस्तीन के विदेश मंत्री और प्रतिनिधि शामिल हैं।इजरायली पीएम को युद्ध विराम का फैसला लेने के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेनी पड़ी। कैबिनेट की मीटिंग शुरू होने से पहले पीएम ने कहा- आज रात हमारे सामने एक कठिन फैसला लेना है, लेकिन ये सही फैसला है। दरअसल उनपर बंधकों के परिवारों का दबाव है जो चाहते हैं कि उनके प्रियजन हमास की कैद से बाहर निकलें। लेकिन वे नरमी का कोई संकेत नहीं देना चाहते हैं. इधर बिना नरमी यानी कि युद्धविराम के हमास से बात बनने वाली नहीं है।कैबिनेट मीटिंग के दौरान इजरायल की विपक्ष ने सरकार को आगाह किया कि इस डील से हमास की कैद में मौजूद सभी इजरायली बंधकों को छुड़ाने की इजरायल की काबिलियत पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा हमास को मिटाने के इजरायल के मिशन को और भी जटिल बनादेगा। विपक्षी नेताओं ने कहा कि एक बार जंग को अस्थायी रुप से रोकने के बाद इसे फिर से शुरू करने में कई दिक्कतें आएंगी। उन्होंने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आइडीएफयुद्धविराम की मियाद खत्म होते ही और बंधकों के वापस आते ही फिर से जंग शुरू करेगा। चीन इस पीस डील को मुकम्मल कराने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं था, लेकिन ब्रिक्स सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सीजफायर की मांग करके इजरायल पर नैतिक दबाव बना दिया था। इसके अलावा चीन ईरान के जरिये भी कहीं न कहीं इस मामले में अपनी बात रख रहा था। राष्ट्रपति ने कहा था फिलिस्तीन के प्रश्न के उचित समाधान के बिना मध्य पूर्व में कोई स्थायी शांति और सुरक्षा नहीं हो सकती। चीन एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन शीघ्र बुलाने का आह्वान करता है जो शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाने और फिलिस्तीन के प्रश्न के शीघ्र समाधान की दिशा में काम करने के लिए अधिक व्यापक, न्यायसंगत और टिकाऊ हो। फिलिस्तीन इजरायल मुद्दे पर ब्रिक्स के वर्चुअल शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि बार बार होने वाले फिलिस्तीनी इजरायलसंघर्षों से बाहर निकलने का मूल तरीका टू स्टेट समाधान को लागू करना है, फिलिस्तीनी राष्ट्र के वैध अधिकारों को बहाल करना और एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य की स्थापना करना है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इसराइल हमास युद्ध - सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम - मानवीय संघर्ष विराम समझौता।कूटनीतिक जीत का सफल नतीजा - इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित किया - वार्ता से ही सफलता की सुनिश्चिता पर मुहर।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में संतुलन बनाकर रखना चाहिए जिससे घर का माहौल अच्छा बना रहेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। जो लोग अविवाहित हैं उनका रिश्ता जल्द ही फाइनल हो जायेगा। जो लोग नौकरी करते हैं उनका प्रमोशन और ट्रांसफर के योग हैं। इस राशि के उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए विदेश जाने के योग हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने किसी रिश्तेदार के साथ मिलकर कुछ नया काम शुरू करने का प्लान कर सकते हैं जिससे आपके व्यापार को बढ़ाने में मदद मिलेगी और आमदनी के स्त्रोत बढ़ेंगे। परिवार का पूरा सपोर्ट आपको मिलेगा। गवर्नमेंट सेक्टर में काम करने वाले अधिकारी वर्ग के लिए दिन फेवरेबल है। कार्यालय में उनको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा।

**मिथुन राशिः** आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। यदि आप प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे हैं तो आपको कुछ ऐसे प्रोजेक्ट मिल सकते हैं जिसमें आपकी प्रतिभा निखर कर सबके सामने आएगी और आपको किसी विदेशी प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा। कारोबार करने के लिए दिन सामान्य है, आर्थिक स्थिति अच्छी रहने की संभावना है। कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपना कोई काम सीनियर की मदद से पूरा कर लेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। आप अपने घर को रेनोवेसन का निर्णय ले सकते हैं, जिसके लिए आप बहुत दिनों से सोच रहे थे। परिवार के साथ किसी फंक्शन में जाने की संभावना है, वहां रिश्तेदारों से आपकी मुलाकात होगी लोगों के आते जाते रहने से व्यस्तता बनी रहेगी, कुछ खर्च भी होने की गुंजाइश है। व्यापारिक और आर्थिक दृष्टि से स्थिति ठीक रहेगी। आज किसी बड़ी कम्पनी से आपको प्रोजेक्ट मिलेगा यह प्रोजेक्ट आपकी किस्मत भी बदल सकता है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। जो विवाहित हैं आज उनके लिए संतान प्राप्ति की राह में आ रही अड़चनें दूर होंगी और उनकी इच्छा पूरी होने की संभावना है। व्यापारि वर्ग को व्यापार में तरक्की देखने को मिलेगी नए ग्राहक जुड़ेंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को आज कार्यस्थल पर काम से थोड़ी राहत मिलेगी और दिन अच्छा बीतेगा। पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे छात्र आज कुछ नया करने की सोचेंगे जो करियर में तरक्की लेकर आ सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप अपना पूरा ध्यान व्यापार के विकास पर देंगे, भविष्य की रणनीति तैयार करेंगे किसी मित्र के साथ मिलकर कुछ पैसा निवेश करेंगे। भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपके घर कोई मांगलिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकता है, जिससे घर का वातावरण आध्यात्मिक रहेगा। पड़ोस में आपके परिवार का सम्मान बढ़ेगा। नौकरीपेशा लोगों की स्थिति सामान्य रहेगी। आपको अपने सहकर्मियों के साथ मिलजुलकर काम करना चाहिए।

**तुला राशिः** आज आप कुछ नया सीखने या कुछ नया करने का विचार करेंगे। नौकरी में आपके बॉस आपके काम से खुश होंगे, आपको नया प्रोजेक्ट सौंपा जा सकता है। व्यापार में अप्रत्याशित सफलता और लाभ के संकेत हैं। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा, आप घर के साथ कहीं धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। यदि आप किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं, तो अच्छा दिन है, अवसर मिलेंगे और कुछ नया अनुभव करने को मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आप शांति का अनुभव करेंगे। आज आपका पारिवारिक माहौल आध्यात्मिक बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी समझ बढ़ेगी, अपने व्यवहार को संयमित और मधुर बनाएं, बहुत अच्छा रहेगा। यदि आप व्यापार करते हैं, तो आज लाभ के योग बन रहे हैं, कहीं निवेश किया है, तो वहां से लाभ के संकेत हैं। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा, ऑफिस में आपको आज सकारात्मक माहौल में काम करके खुशी महसूस होगी।

**धनु राशिः** आज आप प्रसन्नता पूर्वक दिन की शुरुआत करेंगे। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा आप बहुत दिनों से कहीं बाहर घूमने नहीं गए, तो आज आप अपने घर के सदस्यों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं, अपना ज्यादा समय घर के साथ बिताएंगे। यदि आप अपना कुछ पैसा निवेश करना चाहते हैं, तो परिवार से सलाह अवश्य लें। यह आपके व्यवसाय के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा और घर के सदस्यों में आपसी प्रेम और विश्वास में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यदि आपके बच्चे अभी स्कूल में हैं, तो उनकी कोई बात आपको बहुत प्रसन्न करेगी और आप भी उनके लिए कुछ स्पेशल करने का प्रयास करेंगे इससे आप दोनों के बीच आपसी प्यार बढ़ेगा। जो लोग फैशन या मीडिया से जुड़े हैं, उनके लिए दिन फेवरेबल है। कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र आज किसी कठिन प्रोजेक्ट को पूरा कर राहत महसूस करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करेंगे। यदि आप मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, तो आज आपको नये ग्राहक मिलेंगे और आपको इसका अच्छा लाभ मिलेगा। आज व्यापार में किए गए कुछ महत्वपूर्ण समझौते भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। आपके कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम कुछ हल्का होगा और आप प्रसन्न रहेंगे। सरकारी नौकरी के लिए परीक्षा देने वालों को खुश खबरी मिलेगी, अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। लवमेट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**मीन राशिः** आज आपके लिए अवसर लेकर आने वाला दिन है। घर से संबंधित किसी काम से आज आप कहीं बाहर जा सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से कोई मामला फंसा हुआ है तो आज वो फाइनल हो सकता है। आज नौकरी ढूंढने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा है, कहीं से कॉल आने के योग हैं। आप एक्टिव रहें अवसर अवश्य मिलेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र अपने लिए नए आयाम स्थापित करेंगे।

## व्यंग्य

# स से सड़क...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

एक सामान्य सुबह की यात्रा। सड़कें वाहनों से खचाखच भरी हुई हैं, हर कोई आगे निकलने की बेताब कोशिश में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहा है। हवा धुंए से घनी है, और लगातार बजने वाली हॉर्न से अराजकता की सिम्फनी पैदा होती है। यह वहां सभी के लिए मुफ़्त है, जिसमें ड्राइवर एक-दूसरे से बचते हैं, लाल बत्तियाँ चलाते हैं, और लापरवाही से यातायात में आते-जाते रहते हैं। रैश ड्राइविंग की दुनिया में, गति सीमाएं केवल सुझाव हैं, और रुकने के संकेत भी अदृश्य हो सकते हैं। सड़क के नियमों को उसी तिरस्कार के साथ देखा जाता है जैसे कूड़े के टुकड़े को बिना सोचे-समझे एक तरफ फेंक दिया जाता है। यह प्रत्येक व्यक्ति अपने लिए है, और



धिक्कार है उस किसी को जो एक लापरवाह ड्राइवर की प्रगति में बाधा डालने का साहस करता है। उदाहरण के लिए, राकेश का मामला लीजिए। उसे हमेशा की तरह काम के लिए देर हो रही है, और वह खोए हुए समय की भरपाई के लिए कुछ भी करने को तैयार है। जैसे ही वह सड़क पर सावधानी बरतता है, उसे बमुश्किल ही उन पैदल चलने वालों का ध्यान आता है जिनसे वह बाल-बाल बच जाता है या अन्य वाहन चालकों के गुस्से वाले हॉर्न पर ध्यान नहीं देता है जिसे वह काट देता है। उसका एकमात्र ध्यान अपनी मंजिल तक पहुंचने पर है, परिणाम भुगतने होंगे। इस बीच, राधा अपने बच्चों को स्कूल ले जा रही हैं, और सुबह की भीड़ की अराजकता से निपटने की कोशिश कर रही हैं। वह लगातार किनारे पर है, जब वह स्टीयरिंग व्हील पकड़ती है तो उसके पोर सफेद हो जाते हैं, और जब वह टक्कर के बाद टकराव से बचती है तो उसका गला सूख जाता है। दैनिक आवागमन का तनाव उस पर भारी पड़ता है, और वह सोचती है कि क्या वास्तव में उसके लिए पैदल स्कूल जाना बेहतर होगा। और हमें यातायात पुलिस के बारे में नहीं भूलना चाहिए, उन बहादुर आत्माओं को सड़कों पर कुछ हद तक व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश करने का काम सौंपा गया है। वे अपने पैरों पर खड़े हैं, अपनी बाहों को उन्मत्तता से लहरा रहे हैं और अराजकता को नियंत्रित करने के निरर्थक प्रयास में अपनी सीटियाँ बजा रहे हैं। यह एक सिसिफियन कार्य है, क्योंकि वे असहाय होकर देखते हैं कि लापरवाही से चलने वाले ड्राइवर उनकी आंखों के सामने नियमों का उल्लंघन करते हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाने के परिणाम बहुत वास्तविक हैं, और ये कोई हंसी की बात नहीं है। हर दिन, हम उन ड्राइवरों के कारण होने वाली दुखद दुर्घटनाओं की कहानियाँ सुनते हैं जो धीमी गति से चलने और सावधानी बरतने को तैयार नहीं थे। कुछ लोगों की लापरवाह हरकतों के कारण जिंदगियाँ नष्ट हो जाती हैं, परिवार नष्ट हो जाते हैं और समुदाय टूट जाते हैं। और फिर भी, यह चक्र जारी है, ड्राइवर गति और अधीरता के आकर्षण से मुक्त होने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। लेकिन प्रिय पाठकों, डरो मत, क्योंकि क्षितिज पर आशा है। रैश ड्राइविंग से निपटने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, और यह वह समाधान हो सकता है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। स्लो डाउन, सेव लाइव्स अभियान में प्रवेश करें, जो सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए एक साहसिक नया दृष्टिकोण है। आकर्षक होर्डिंग, आकर्षक नारे और सोशल मीडिया ब्लिट्ज के साथ, अभियान का उद्देश्य लापरवाही से गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मोटर चालकों को धातु पर पैडल मारने से पहले दो बार सोचने के लिए प्रोत्साहित करना है। लेकिन क्या यह हमारी सड़कों पर घूमने वाले लापरवाह ड्राइवरों के व्यवहार को बदलने के लिए पर्याप्त होगा? केवल समय बताएगा। इस बीच, आइए इस सब की बेतुकी बात पर हंसने के लिए कुछ समय निकालें। आख़िर, ऐसे पागलपन के सामने हम और क्या कर सकते हैं? शायद रैश ड्राइविंग की हास्यास्पदता पर प्रकाश डालने और बेहतरी के लिए बदलाव को प्रेरित करने के लिए हमें थोड़ा सा व्यंग्य ही चाहिए। तो, अगली बार जब आपका सामना सड़क पर किसी लापरवाह ड्राइवर से हो, तो इस सब की बेतुकी बात पर हंसना याद रखें - और फिर निश्चित रूप से सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाएं।

## चिंतन

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# सनातन धर्म के बदलते अर्थ



**सनातन धर्म शब्द को कैसे हेरफेर और हथियार बनाया गया है और हिंदू धर्म के ढांचे के भीतर जाति-विशेषाधिकार प्राप्त हिंदुओं की जाति भेदभाव को संबोधित करने में क्या जिम्मेदारियां हैं? ये सोचने का विषय है। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गईं कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया।**

'सनातन धर्म' एक शब्द है जिसका प्रयोग अक्सर हिंदू धर्म का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यह जीवन और विश्वास प्रणाली के एक प्राचीन और स्थायी तरीके का प्रतीक है। यह किसी एक संस्थापक, पंथ या पवित्र पुस्तक से बंधा नहीं है, बल्कि उभरते अनुभवों के आधार पर सत्य की निरंतर खोज की विशेषता है। 'सनातन धर्म' हिंदू परंपरा के भीतर मान्यताओं, प्रथाओं और दर्शन की एक विशाल श्रृंखला को समाहित करता है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गई कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया। भले ही कुछ आध्यात्मिक नेता जातिगत विशेषाधिकार को संबोधित करते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी व्यक्तियों को अपनी कट्टरता का सामना करने के लिए मजबूर करते हैं। जातिगत भेदभाव का प्रचार करने वाले ग्रंथों और प्रथाओं की आलोचनात्मक जांच का अभाव है। जातिवादी व्यक्तियों के कार्यों की जिम्मेदारी अक्सर जातिगत हिंसा से खुद को दूर रखने वालों द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है। समकालीन चर्चाओं में, हिंदू धर्म के भीतर प्रगतिशील के रूप में पहचान रखने वालों के बीच बहस चल रही है और जो लोग खुद को अधिक रूढ़िवादी या रुढ़िवादी व्याख्या के साथ जोड़ते हैं। इस बहस के केंद्र में 'सनातन धर्म' शब्द रहा है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। रूढ़िवादिता के आलोचकों का तर्क है कि उपसर्ग 'सनातन' का उपयोग कुछ गुटों द्वारा प्राचीन पाठ्य सिद्धांतों के स्थायित्व पर जोर देने के लिए किया गया है, इसलिए वो हिंदू धर्म के भीतर परिवर्तन और सुधार का विरोध करना चाहते है। वे इसे प्रगति और समावेशिता में बाधा के रूप में देखते हैं। पूरे इतिहास में, हिंदू धर्म के भीतर आर्य समाज और रामकृष्ण मिशन जैसे विभिन्न सुधार आंदोलनों ने अस्पृश्यता और मूर्ति पूजा सहित पारंपरिक प्रथाओं को चुनौती देने की कोशिश की है। इन सुधारकों ने 'सनातन धर्म' को अस्वीकार नहीं किया, बल्कि इसका लक्ष्य इसमें सुधार और विकास करना था। कई लोग जाति को व्यवसाय से जुड़ी एक प्राकृतिक सामाजिक व्यवस्था मानते हैं, जो हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है। इन जातियों के प्रगतिशील व्यक्ति जाति से जुड़ी हिंसा को समाप्त करने का आह्वान करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि जाति व्यवस्था को ही। वे अक्सर ऐतिहासिक और वर्तमान वास्तविकताओं को दरकिनार करते हुए वर्ण, जाति और जाति के बीच भेद से जूझते हैं। उनके लिए, हिंदू धर्म की आलोचना, जब उनकी अन्य आलोचनाओं के साथ देखी जाती है, तो आक्रामक हो सकती है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने सुधारों की वकालत करते हुए धर्म की शाश्वत और कालातीत प्रकृति पर जोर देते हुए 'वैदिक धर्म' को 'सनातन नित्यधर्म' कहा। महात्मा गांधी, एक गौरवान्वित 'सनातनी', ने महिलाओं को भारतीय समाज की मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह प्रदर्शित करते हुए कि सुधार 'सनातन धर्म' का एक हिस्सा हो सकता है। स्वामी विवेकानन्द ने, श्री नारायण गुरु के आंदोलन से पहले, केरल में हिंदू धर्म की स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन ऐसा उन्होंने 'सनातन धर्म' में गहराई से निहित परिप्रेक्ष्य से किया था। उन्होंने धर्म के भीतर गतिशीलता और सुधार की वकालत की। सनातन धर्म का एक मूल सिद्धांत आत्मा की शाश्वत प्रकृति और पुनर्जन्म (पुनर्जन्म या संसार) की अवधारणा में विश्वास है। यह मानता है कि आत्मा अमर है और मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होने तक जन्म और मृत्यु के चक्र से गुजरती है। सनातन धर्म की मूल अवधारणाएँ हिंदू धर्म तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि जैन और बौद्ध धर्म तक भी विस्तारित हैं। ये परंपराएँ शाश्वत आत्मा और पुनर्जन्म के चक्र में विश्वास साझा करती हैं, जिससे सनातन धर्म उनके बीच एक एकीकृत अवधारणा बन जाती है। यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि सनातन धर्म यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम जैसे धर्मों पर लागू नहीं होता है, जो पुनर्जन्म और शाश्वत आत्मा में विश्वास साझा नहीं करते हैं। इन धर्मों के अलग-अलग धार्मिक दृष्टिकोण और उत्पत्ति हैं। सनातन धर्म शब्द को 19वीं सदी के अंत में प्रमुखता मिली। उपयोग और महत्व में इस बदलाव का श्रेय उस समय के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारकों को दिया जा सकता है। 19वीं सदी के अंत में मिशनरियों और ब्रह्म समाज और आर्य समाज जैसे समाज सुधारकों के नेतृत्व में सुधार आंदोलनों का उदय हुआ। इन आंदोलनों के जवाब में, सनातन धर्म को हिंदू रूढ़िवाद के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। 'सनातन धर्म' हिंदू धर्म की स्थायी और विकसित प्रकृति का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्याख्या और सुधार के लिए खुला है। हालाँकि इसके अर्थ और अनुप्रयोग पर बहस जारी रह सकती है, यह हिंदू विश्वास और अभ्यास का एक बुनियादी पहलू बना हुआ है। स्वामी विवेकानन्द और सुब्रमण्यम भारती जैसे प्रतीकों ने प्रदर्शित किया है कि 'सनातन धर्म' अपने कालातीत ढांचे के भीतर सुधार और प्रगति को समायोजित कर सकता है। 'सनातन धर्म' की रक्षा के लिए, हिंदू आस्था के लोगों को गहन आत्मनिरीक्षण और परिवर्तन में संलग्न होना चाहिए। जीवन की नश्वरता और सदैव बदलती प्रकृति को पहचानने का आह्वान हिंदू धर्म पर भी लागू होता है। कॉस्मेटिक परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे; एक दार्शनिक पुनर्मूल्यांकन अत्यावश्यक है। 'सनातन धर्म' के सार की रक्षा के लिए, गहन आत्मनिरीक्षण और सार्थक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दंतेवाड़ा, 24 नवंबर।** छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये जाने के प्रावधान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दन्तेवाड़ा द्वारा तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर तहसील दन्तेवाड़ा के घायल/मृतक देवेन्द्र ठाकुर की सड़क दुर्घटना से मृतक के वैध वारिस ग्राम चितालंका राउतपारा निवासी बिरेन्द्र ठाकुर, तनुसिता मण्डावी की सड़क दुर्घटना से मृतक के परिजनों ग्राम चितालंका निवासी ऋषिकेश मंडावी को 25-25 हजार एवं सड़क दुर्घटना में घायल ग्राम चितालंका निवासी ऋषिकेश मंडावी को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

### 8 दिसंबर तक दावा-आपत्ति आंमत्रित

**सुकमा, 24 नवंबर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिला चिकित्सालय हेतु जनित जैव अपशिष्ट के अपवहन व प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल संस्था के द्वारा जिले में जैव अपशिष्ट को बायो मेडिकल नियम 2018 के द्वारा इन्सिनिरटर के माध्यम से प्रबंधन हेतु जिले के नजदीक भूमि आबंटन हेतु निवेदन किये जाने पर नगर सुकमा, पटवारी हल्का नंबर 13/ सुकमा, में स्थित का.का. मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 542/1 रकबा 14.043 हेक्टे. में से 0.3030 हेक्टे. भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सुकमा को आबंटन हेतु प्रस्तावित है। तत् संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से 08 दिसंबर 2023 तक प्रस्तुत कर सकते है।

### अमेज़न और डीजीएफटी ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**रायपुर 24 नवंबर।** अमेज़न इंडिया ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सक्षम बनाने और देश से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय , वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के हिस्से के रूप में, अमेज़न और डीजीएफटी, डीजीएफटी द्वारा चिह्नित 75 जिलों में चरणबद्ध तरीके से, एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण सत्र, प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का सह-संचालन करेंगे, जो मार्च 23 में पेश विदेश व्यापार नीति में उल्लिखित एक्सपोर्ट हब्स के रूप में जिले पहल के अंग हैं। इस पहल का उद्देश्य है, ग्रामीण और दूरदराज़ स्थित जिलों में स्थानीय उत्पादकों को ग्लोबल सप्लाय चेन से जोड़ना। श्री संतोष सारंगी चेतन कृष्णास्वामी और भूपेन वाकणकर की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेज़न और डीजीएफटी, एमएसएमई को ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के बारे में शिक्षित करने और उन्हें दुनिया भर में ग्राहकों को बेचने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अमेज़न कई तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं तक पहुंच में मदद करेगा, जिनके साथ एमएसएमई इमेजिंग, अपने उत्पादों की डिजिटल कैटलॉगिंग, टैक्स सलाह जैसी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जुड़ सकते हैं। इससे भारतीय उद्यमी अपने ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट बिज़नेस और ग्लोबल ब्रांड बना सकते हैं।

### 25 नवंबर तक वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा

**दंतेवाड़ा, 24 नवंबर।** भारतीय रेलवे ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा दंतेवाड़ा ऑवराभाटा रेलवे कॉसिंग क्रमांक केके-103 में रेलवे ट्रैक दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु 23 नवंबर 2023 समय रात्रि 9 बजे से 24 नवंबर 2023 प्रातः 8 बजे तक एवं 24 नवंबर 2023 समय रात्रि 9 बजे से 25 नवंबर 2023 प्रातः 8 बजे तक वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। किरंदुल, बचेली एवं सुकमा से आने वाली वाहन जेल बॉडी चौक से चितालंका बाईपास चौक होते हुए आगे की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली वाहन चितालंका बाईपास से जेल बॉडी चौक होते हुये आगे प्रस्थान करेगी। किरंदुल, बचेली एवं सुकमा की ओर से आने वाली यात्री बसें बस स्टैंड से यात्रियों को बैठा कर वापस जेल बाड़ी चौक से चित्तालका बाईपास मार्ग होकर निकलेगी तथा गीदम की ओर से आने वाली यात्री बसें बाईपास से जेलबाडी चौक होते हुए बस स्टैण्ड में यात्रियों को लेकर एवं उतारकर आगे की ओर प्रस्थान करेगी।

# सुकमा जिले में धान खरीदी प्रारंभ, पहला टोकन 51 क्विंटल का

## इस विपणन वर्ष में 3154 कृषकों का नया पंजीयन, कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण, लिया व्यवस्था का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 24 नवम्बर।** सुकमा जिला में गुरुवार को इस विपणन वर्ष 2023-24 की पहली धान खरीदी की गई। सुकमा जिला मुख्यालय स्थित धान उपार्जन केन्द्र में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने कांटा बाट की विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी प्रारंभ की गई। इस वर्ष धान का पहला टोकन श्री रामकृष्ण राजू का रहा, जिन्होंने 51 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन लिया था। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, सहकारी बैंक श्री गौरव शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण, लिया व्यवस्था का जायजा- कलेक्टर श्री हरिस. एस ने सुकमा स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने खरीदी केंद्र में किए गए आवश्यक व्यवस्थाओं, धान खरीदी की दरों, पंजीकृत किसानों की संख्या, फड की व्यवस्था का जायजा लिया और धान खरीदी के लिए समितियों में की गई तैयारियों से संतुष्टि जताई।



जिला खाद्य अधिकारी श्री जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु जिले के 3154 कृषकों का नवीन पंजीयन हुआ है। कुल 16 हजार 929 किसानों द्वारा 44 हजार 124.86 हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल ली गई है। इस वर्ष जिले में 24 धान उपार्जन केन्द्र के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। प्रशासन द्वारा केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

जिला विपणन अधिकारी श्री चेतन आनंद ने बताया कि धान खरीदी के लिए जिले में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। कांटा बाट, कम्प्यूटर, नमी मापक यंत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री का सत्यापन कर लिया गया है। धान खरीदी के दौरान धान के अवैध परिवहन, भंडारण और व्यापार पर नियंत्रण के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं।

# मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं मच्छरदानी वितरण प्रशिक्षण आयोजित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 नवम्बर।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का नौवां चरण विकासखण्ड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा में 28 नवम्बर से 18 दिसम्बर 2023 तक चलाया जाएगा। विकासखण्ड नरहरपुर, चारामा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर एवं दुर्गूकोंदल में मच्छरदानी वितरण किया जाना है। इस संबंध में गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड लेखा प्रबंधक, विकासखण्ड डाटा प्रबधंक, जिला मितानीन समन्वयकों को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डी.के.रामटेके के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2030 तक जिले के समस्त ग्रामों को मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 8 चरणों में मलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा चुका है। नौवां चरण जिले के 168 ग्रामों के 75000 जनसंख्या में अभियान चलाया जाएगा। अभियान में कार्यकर्ता एवं मितानीन घर-घर जाकर आरडी किट से मलेरिया जॉच करेंगे एवं जॉच सकारात्मक पाये जाने पर तत्काल समूल उपचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मलेरिया नियंत्रण की अन्य गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिससे जिले में मलेरिया के प्रकरणों को शून्य किया जा सके।




# जिले मलेरिया मुक्त अभियान का नौवां चरण 28 नवंबर से

■ 28 नवम्बर से 18 दिसम्बर 2023 तक चलाया जाएगा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 24 नवंबर।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान नौवां चरण के तहत जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए 28 नवंबर से 18 दिसंबर 2023 तक अभियान का संचालन किया जाएगा। इस दौरान सुकमा जिले के समस्त ग्रामीण एवं सुदूर अंचल क्षेत्रों में लोगों का शत प्रतिशत मलेरिया जाँच एवं तत्काल उपचार के साथ ही मलेरिया के प्रति जागरुक किया जाएगा। जिले मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 325 सर्वे दल का गठन किया गया है। सर्वे दल के द्वारा 2 लाख 83 जहर 245 व्यक्तियों का मलेरिया जाँच किया जायेगा। साथ ही इस दल को ग्राम, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर पर भी प्रशिक्षित किया गया है। यह सर्वे दल जिले के सभी ग्राम स्तर के प्रत्येक घर घर जाकर मलेरिया टेस्ट करेगी। वहीं मलेरिया पॉजिटिव व्यक्तियों को मौके पर दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत जिला सुकमा में मलेरिया मरीजों की धनात्मक प्रकरणों में 47 फीसदी से घटकर 7 फीसदी हुई है।



# तेलंगाना में स्वस्थित मेड़ारम, समक्का-सरलम्मा के दर्शन किए कवासी लखमा ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 24 नवंबर।** मेड़ारम मंदिर पहुँच पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों एवं छत्तीसगढ़ वासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामना किये। दक्षिण भारत में आदिवासियों का सबसे बड़ा धार्मिक और सामाजिक स्थल है। तेलंगाना में वारंगल के पास मेड़ारम एक छोटा सा गांव है। इस ग्राम में समक्का-सरलम्मा देवी का देवस्थान है। हर दो साल में यहां पर समक्का सारक्का देवी के सम्मान में विशाल जातरा का आयोजन होता है। यह प्रथा सदियों से दो औरतों के सम्मान में चली आ रही है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कोया आदिवासियों के लिए यह मेला किसी महाकुंभ की तरह महत्व रखता है। इस दौरान सुकमा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बोड्डू राजा जी, कोंटा जनपद अध्यक्ष श्री सुन्नम नागेश जी, सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष श्री जगन्नाथ राजू साहू जी, जेल संदेशक श्री मनोज चौरसिया जी, खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री रोहित पांडे एवं सम्मानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में कई राज्यों की टीमें आई हैं भाग लेने

# सीनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 नवंबर।** बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में आयोजित की जा रही सिनियर राष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैचेस प्रारंभ हो गये है। मैचेस शुरू होने के पहले व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के नये अध्यक्ष वरूण एहलावत सहित पदाधिकारियों ने महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रॉउंड रोबिन लीग आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में पहले मैच मैं पिछली स्वर्ण पदक विजेता महाराष्ट्र टीम ने मणिपुर को 43-06 अंको से पिछली रजत पदक विजेता तमिलनाडु टीम को उलटफेर का शिकार होना पडा। उसे केरल की टीम ने 18-12 अंको से हराया।

आज प्रातः काल खेले गये एक और मैच में कर्नाटक ने ओडिशा की टीम को 24-05 से परास्त किया। यह प्रतियोगिता 23 से 29 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि ये प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता एवं 27 से 29 नवंबर तक पुरुषों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ खिलाडी में कई गई है कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में भी रूकी है। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग लेने की आशा है। 20019 के पश्चात व्हीलचेयर बास्केटबॉल में कोई नेशनल आयोजित नही हुआ है। पिछली प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की महिला और पुरुष टीम स्वर्ण पदक विजेता है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।



सुशील कोठारी ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की बैठक भी होगी एवं व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन का चुनाव भी संपन्न हुए ।

## समाचार संक्षेप

### गुणवत्ताहीन धान बीज का विक्रय, भण्डारण प्रतिबंधित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 नवम्बर।** बीज उत्पादक कम्पनी रायपुर के विभिन्न उत्पादों के बीज किस्मों के भण्डारण, वितरण, विक्रय, विपणन पर जिले में आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है। जिले के विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम रूपनगर पी.व्ही.-24 में लगे हाइब्रिड धान किस्म छ्रक्र8336 निर्माता कम्पनी मेसर्स रैलिस इंडिया लिमिटेड की शिकायत पर सर्वेक्षण हेतु गठित जिला स्तरीय जांच दल की 07 सदस्यीय समिति के द्वारा इस संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनुज्ञप्ति अधिकारी (बीज) एवं उप संचालक कृषि श्री नरेन्द्र कुमार नागेश द्वारा जानकारी के अनुसार जारी आदेश में कहा गया है कि प्रभावित कृषक श्री महानंद बिश्वास 0.30 हेक्टेयर (0.75 एकड़) एवं श्री प्रशांत शाह 0.80 हेक्टेयर (02 एकड़) खेत में लगे हाइब्रिड धान किस्म छ्रक्र8336 निर्माता कम्पनी (मेसर्स रैलिस इंडिया लिमिटेड) में नेक ब्लास्ट फफूंद जनित पौध रोग का प्रकोप लगभग 90-95 प्रतिशत परिलक्षित हुआ, जबकि प्रभावित खेतों से लगे अन्य खेत के खड़ी धान फसल किस्म अन्य कम्पनी भीम-115 एवं स्-9001 में उक्त रोग का प्रकोप शून्य है। यह भी बताया गया कि उक्त प्रभावित कृषकों द्वारा मौखिक वार्तालाप अनुसार उपरोक्त रोग के रोकथाम हेतु फफूंद नाशक दवाइयों जैसे साफ पावडर, ट्रायसाइक्लोजोल + प्रोपिकोनॉजोल, ट्राइफ्लास्ट्रोबीन, टेबुकोनाजोल एवं नेटिव सिस्टेमिक फंगीसाईड का उपयोग करने के बाद भी हाइब्रिड धान किस्म छ्रक्र8336 का रोग के प्रति अतिसंवेदनशील होने के कारण नियंत्रण नहीं हुआ। शिकायत की जांच उपरांत प्रति हेक्टेयर उत्पादन का 0.44 यानी 99.56 प्रतिशत का नुकसान पाया गया, जो बीज अधिनियम 1966 के धारा 06 एवं 17 के खण्ड ( ड्ढ ) व ( ड्ढ ) एवं बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के खण्ड द8ड्ड का उल्लंघन है। अनुज्ञप्ति अधिकारी (बीज) के द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों एवं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के खण्ड 11 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए मेसर्स रैलिस इंडिया लिमिटेड द्वारा टाटीबंध रायपुर छत्तीसगढ़ (बीज उत्पादक कम्पनी) द्वारा उत्पादित समस्त फसलों के बीज भण्डारण, वितरण, विक्रय, विपणन पर सम्पूर्ण कांकेर जिले में आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है।

### मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए पुनः सर्वे प्रारंभ

**जगदलपुर, 24 नवम्बर।** हर जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह शासन- प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य रहा है इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए 23 नवंबर से पुनः सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ-साथ नेत्र चिकित्सा के लिए विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार मिलने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुनः 23 नवम्बर से 30 नवम्बर 2023 से सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकत्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में 23 से 30 नवम्बर 2023 तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के द्वारा सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान एवं आयुष्मान कार्ड बनाने से छूटे हुए व्यक्तियों का सर्वे किया जाना है। गांवों में सर्वे कार्य हेतु पंचायत सचिवों से भी समन्वय किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।सर्वेक्षण कार्य का सफल क्रियान्वयन एवं सम्पूर्ण निगरानी खण्ड चिकित्सा अधिकारी व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक तथा शहरी क्षेत्र में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया जाएगा। प्रशासन द्वारा इस सर्वे से पहले माह मई में भी विशेष सर्वे अभियान किया गया था जिसके तहत सातों विकासखंडों से 2859 मोतियाबिंद मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें मई से नवम्बर माह तक विकासखंड बस्तर से 298, बकावंड से 255, बास्तानार से 247, जगदलपुर से 382, लोहंडीगुड़ा से 230, तोकापाल से 230 और दरभा से 117 मरीजों को उपचार उपरांत स्वास्थ्य लाभ हुआ। मोतियाबिंद सर्वे अभियान का लाभ जिले के अंदरूनी इलाकों के मरीजों को भी मिला। जिनमें एक देवकी ठाकुर थी जो कलेक्टर श्री विजय के विकासखंड लोहड़ीगुड़ा के दूरस्थ ग्राम हर्राकोडेर दौरे के दरमियान उनकी माताजी ने मिलकर आपरेशन की गुहार की थी। कुछ ही दिन बाद देवकी का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया अब देवकी अपने आखों से देख सकती है। देवकी ने स्वस्थ होने के बाद कलेक्टर को पुष्प भेंटकर आभार व्यक्त भी की। प्रशासन द्वारा जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने और मरीजों को नेत्र से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में विशेष अस्पताल अंबक प्रारंभ किया गया।



# कृष्ण-कृष्ण जपने से मिट जाती है मन की तृष्णा:आचार्य कृष्णकांत

## शंकर नगर में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण बाल लीला की कथा सुनाएं





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 23 नवंबर।** शहर के शंकरनगर में श्री हरिहर सेवा ट्रस्ट के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन पंडित आचार्य कृष्णकांत महाराज वृंदावन ने कृष्ण बाल लीला की कथा सुनाएं। उन्होंने कहा कि गर्ग ऋषि ने बड़े पुत्र का नाम बलराम रखा तथा छोटे भाई जिनका जन्म भाद्र मास कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को हुआ था। कृष्ण वर्णन धारण किया इसलिए इनका नाम कृष्ण रखा गया। यह वह नाम है जिनके जपने से ही कष्ट की निवृत्ति हो जाती है। कृष्ण नाम रखने से मन की तृष्णा मिट जाती है। नामकरण संस्कार पर उन्होंने कई जानकारी दिए। कहा कि अपने बच्चों का नाम भगवान के नाम पर ही रखें इससे जन्म लिए हुए बच्चे के व्यक्तित्व के ऊपर प्रभाव पड़ता है। कई उदाहरण देखे गए हैं जैसा नाम तथा काम की कहावत चरितार्थ हुई है। इसलिए नामकरण संस्कार बड़ी सावधानी के साथ सोच समझ कर होना चाहिए। बालक का नाम देवताओं के नाम के ऊपर तथा बालिका का नाम देवियों के नाम के ऊपर ज्यादा रखने का प्रयास करें। इसे देवी देवताओं के नाम लेने का भी पुण्य आपके भाग्य में सम्मिलित हो जाएगा। कलयुग में ईश्वर नाम रटन का महत्व बताया गया है। उन्होंने बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण के पांव में घुंघरू बांधे हुए थे जब वह चले तो घुंघरू की छुन-छुन आवाज पुरवासी को मंत्र मुक्त कर देते थे। एक दिन कृष्णा को बिठाकर मां यशोदा स्नान करने चली गई। इधर कृष्णा मिट्टी को उठाकर खा रहे थे एक सखी के द्वारा आवाज देने पर तुरंत आई और उनके मुंह से मिट्टी निकालने के लिए मुंह खोलने के लिए कहा लेकिन यशोदा ने वह दृश्य देख लिया जिसे बड़े-बड़े ऋषि मुनि ज्ञानी भी देख नहीं पाए हैं। असंख्य सूर्य, चंद्र, धरती, पेड़, पौधे, आकाश, पानी, अग्नि इत्यादि को देखकर मैया विस्मित हो जाती है तब माता को डरा हुआ जानकर उनके मस्तिष्क से वह दृश्य आउट कर देते हैं। एक बार ठाकुर जी को भोग लगाने के लिए माता यशोदा ने खीर पकाई लेकिन उन्हें जाकर बालक कान्हा खा लिया। यह दृष्टांत अत्यंत रोचक ढंग से बताया जिसे सुनकर श्रद्धालु गण भाव विभोर हो गए। मौके पर कृष्ण बाल लीला का आयोजन किया गया और मटका फोड़ा गया। मटका में मौजूद दही को खाकर भक्तगण भाव विभोर हो गए। प्रसाद गोवर्धन पर्वत की कथा भी सुनाई गई जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता का अनुपस्थित थे इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक सेवक श्रीवास, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक टी आर धनकर, कवि एवं साहित्यकार संतोष कुमार सोनकर मंडल, लोक कलाकार पिंटू महिलवार, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष शेरा जांगड़े, जीवन दिवाकर, ट्रस्ट के अध्यक्ष मिथिलेश श्रीवास, संरक्षक अजय साहू, तोषन देवांगन, राजीव साहू, इशु साहू, पिंटू भोई, दीप्ति मिश्रा, मनीष श्रीवास, आकाश गुप्ता, राहुल ठाकुर, भोला साहू, संजय पाल, उज्जवल साहू, मोनिका, नेहा, विकास कुलदीप, नवीन, तुषार, हर्षद जोशी, आदर्श गोस्वामी इत्यादि है।

## एक नजर

### नागरिकों को सुरक्षित यातायात मुहैया कराने उठाएं कारगर कदम : सुधा साहू



**महासमुंद,24 नवंबर।** शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ जिलाधीश प्रभात मलिक को ज्ञापन सौंपकर हादसों पर नियंत्रण लगाने कारगर कदम उठाने की मांग की है।श्रीमती साहू ने कहा है कि नगर की जनसंख्या बढ़ने तथा महासमुंद में बायपास मार्ग नहीं होने से शहर के भीतर यातायात का दबाव अत्यंत बढ़ गया है। मुख्य मार्ग पर शहर के भीतर दुकानों के सामने वाहनें खड़ी होने से सड़क सकरी हो जाती है। वहीं, सुबह-शाम लोगों की अत्यधिक भीड़ रहती है। त्यौहारी सीजन के चलते नेहरू चौक से आंबेडकर चौक तक भारी भीड़ रहती है। इससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बना रहता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए घोड़ारी से लभरा तक बायपास सड़क की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। बायपास सड़क नहीं होने तथा शहर में अत्यधिक यातायात के दबाव के कारण कल बुजुर्ग दंपत्ति को अकाल मृत्यु का शिकार होना पड़ा। पिछले वर्ष भी एक बुजुर्ग महिला की नेहरू चौक पर ही दुर्घटना में मौत हुई थी। इससे पूर्व बग्गा स्टोर्स के पास एक नाबलिग बच्ची हादसे का शिकार हुआ था। शहर की जनसंख्या वृद्धि के बाद बायपास सड़क अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा बायपास की मांग भाजपा महिला मोर्चा द्वारा समय-समय पर की जाती रही है। और बायपास सड़क के लिए महिला मोर्चा हमेशा संघर्षरत रहेगी। जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में अनुरोध किया है कि दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहरी नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था मुहैया कराने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए बायपास सड़क निर्माण की पक्रिया में शीघ्र तेजी लाने कार्रवाई करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला मोर्चा के पदाधिकारी मीना वर्मा,शुभ्रा शर्मा,सुरेखा कंवर,मधु यादव,अलका पुंज आदि उपस्थित थे।

### शहर को स्वच्छ बनाने नपाध्यक्ष ने शुरू कराया सफाई अभियान



**महासमुंद,24 नवंबर।** त्यौहार के बाद से शहर में बदहाल हुई सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग पालिका की सफाई टीम के साथ शहर को स्वच्छ बनाने एक बार फिर से जुट गई है। बुधवार से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओं टॉमसन रात्रे के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों के अलावा शहर के गली मोहल्लों में जाम हुई नालियों और जगह-जगह पर लगे कचरों के ढेर का उठाव पालिका के सफाई कर्मियों ने शुरू कर दिया है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने शहर में चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के मुख्य मार्ग में निर्मित नाले और वार्डों में निर्मित नालियों की बेहतर तरीके से सफाई करें ताकि पानी जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश देते हुए कहा कि अगर सफाई के दौरान किसी नागरिक की कुछ शिकायत आती है तो उसे दूर करने का पूरा प्रयास करें।

### कांग्रेस ने शहर में हादसे रोकने कलेक्टर ने की चर्चा



**महासमुंद।** महासमुंद शहर में लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों की जान जा रही है राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 की सड़क महासमुंद शहर के बीचो-बीच से गुजरती है एवं लचर यातायात व्यवस्था वा लापरवाही पूर्वक वाहनों को चलाने के कारण शहर के अंदर दुर्घटनाओं का अंबार लग गया है,जिसके सुधार के लिए, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल महासमुंद के कलेक्टर श्री प्रभात मलिक जी से एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह जी से भेंट कर नगर की यातायात सुरक्षा के संदर्भ में गहन विचार विमर्श किया गया।

कांग्रेस कमेटी के द्वारा यह मांग की गई नगर में सुरक्षित यातायात के संचालन के शहर के बाहर से रिंग रोड का निर्माण करवाया जाए तथा भारी वाहनों का सुबह 10 से एक बजे तक एवं शाम को 4 से 7 बजे तक प्रवेश वर्जित करने की मांग की गई।तथा नागरिकों के यातायात को सुरक्षित कैसे बनाया जाय उसकी मांग पत्र सौंपा गया।जिसे माननीय कलेक्टर महोदय श्री प्रभात मलिक जी एवं श्री धर्मेंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक के द्वारा शीघ्र अति शीघ्र सुधार करवाने का आश्वासन दिया गया।

कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल अधिवक्ता,पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका हरबंस सिंह ढिल्लों,संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे,पार्षद निखिलकांत साहू,पिछड़ा वर्ग महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एल्डरमैन सुनील चंद्राकर,जावेद चौहान शहर महामंत्री हर्षित चंद्राकर एवं सन्नी महानंद ने भेंट मुलाकात किया।

## तुलसी विवाह पर गन्ने का मंडप बनाकर किया पूजा पाठ

# देवउठनी एकादशी को देव पांच माह की योग निद्रा से जागे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 23 नवंबर।** देवउठनी एकादशी अर्थात छोटी दिवाली बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर गन्ने का मंडप बनाया गया तथा तुलसी माता और शालिग्राम भगवान का विवाह किया गया। बताया जाता है कि 29 जून को देवशयनी एकादशी के साथ भगवान विष्णु चातुर्मास शयन के लिए चले गए थे। उसके बाद 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर जागे हैं। इस तरह से 148 दिन बाद अर्थात लगभग 5 महीने बाद अब मांगलिक कार्यक्रम होंगे। जिनमें गृह प्रवेश से लेकर विवाह संस्कार इत्यादि कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के देवउठनी एकादशी मां लक्ष्मी और श्री हरि विष्णु को प्रसन्न करने का श्रेष्ठ दिन माना गया है। इस दिन रात्रि जागरण कर पूजा करने से आने वाली 10 पीढ़ी विष्णु लोक में स्थान प्राप्त करती है। पितृ नरक से मुक्ति पाते हैं ऐसा माना जाता है। वैसे एकादशी तिथि 22 नवंबर को रात 11~03 से लग गया था। व्रत का पारणा 24 नवंबर को सुबह 6~51 के बाद होगी। छोटी दिवाली को लेकर बाजार में पूजन में उपयोग आने वाले खाद्य पदार्थ की कीमत बढ़ गई थी। बैगन 80 रुपए किलो, कोचाई ?60, कांदा ?60, किला 60 से ?80 दर्जन, सेब ?120 किलो, सिंघाड़ा ?40 इत्यादि। इनकी कीमत बढ़ने से लोगों की पैकेट जरूर ढीले हुए। शाम को विधि विधान के साथ नए कपड़े पहनकर दीप जला कर तुलसी महारानी एवं शालिग्राम भगवान की पूजा अर्चना किया गया तथा प्रसाद भी बांटा गया। धर्म नगरी में भगवान विष्णु के राजीव लोचन मंदिर, छोटे राजीवलोचन मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर में तुलसी विवाह का कार्यक्रम विधि विधान के साथ हुआ। इस मौके पर राजीव लोचन मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में दिया जलाए गए और दिये की रोशनी से मंदिर जगमगा उठा। इधर गांव में गायों को सोहई बांधा गया। रात्रिकाल में पुराने टुकना को जलाकर घी, चावल, दाल इत्यादि समर्पित करते हुए पूरे पर्व को सफलता की कामना करते हुए शांति गया ।त्योहार को लेकर बच्चों सहित बड़े भी पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई। त्योहार को लेकर बाजार में भी अच्छी खासी रौनकता देखने को मिली।

## समाचार संक्षेप

### मावा पुलिस केतुल कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी



**बीजापुर, 24 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मावा पुलिस केतुल के शासकीय नवीन महाविद्यालय भैरमगढ़ के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी दी गई ।

उप निरीक्षक केशव सिंह ठाकुर द्वारा सायबर सबंधी अपराध, एटीएम फाड आदि के सबंध में जानकारी बच्चों को दी गई । यातायात शाखा से आरक्षक अवध राम सिन्हा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों, आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया । लायसेंस बनाने के प्रावधान एवं समय सीमा के सबंध में अवगत कराया गया ।सखी सेंटर से महिला संरक्षण अधिकारी नवा विहान महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमति शीला भारद्वाज द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण एवं महिला संबंधी अपराध के सबंध में जानकारी दी गई ।

### जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में अधिकारी बुनियादि सुविधाओं का निरीक्षण करें

**बीजापुर, 24 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हेतु गौठानों में पैरादान हेतु किसानों को प्रेरित कर अधिक से अधिक पैरा एकत्रित करने के निर्देश दिए। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अर्न्तगत 03 दिसम्बर को मतगणना हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा किया गया। रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाने रक्तदान हेतु लोगो को जागरूक करने के निर्देश दिए। समस्त आवासीय विद्यालयों में मलेरिया जांच कर पाजिटिव्ह प्रकरणों का समुचित उपचार करने मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित कराने सहित परिसर को साफ-सुथरा रखने दवाई छिड़काव के निर्देश दिया गया। बैठक में गोबर खरीदी, वर्मी खाद के उत्पादन, विक्रय, गौमूत्र खरीदी सहित रीपा अंर्तगत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।



### विवेचकों को बताया गया फ्रॉड के मामलों में पीड़ित के रुपये होल्ड कराने को दी जाये प्राथमिकता

**रायगढ़, 24 नवम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में साइबर पोर्टल, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर टिपलाइन तथा सड़क दुर्घटना संबंधी पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा प्रशिक्षणार्थी थाना प्रभारी एवं सीसीटीएनएस कंप्यूटर ऑपरेटरों को साइबर पोर्टलए ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर टिपलाइन के संबंध में ऑनलाइन ऑनलाइन प्राप्त होने वाले शिकायतों का निराकरण के संबंध में जानकारी दिया गया। विवेचकों को ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में पीड़ित के ठगी के रुपयों को जल्द से जल्द होल्ड करने पीड़ित की शिकायत व दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करने कहा गया जिससे बैंक ठगी रूपयों को होल्ड कर सकें। कार्यशाला में एसडीओपी दीपक मिश्रा बताए कि साइबर सेल के आरक्षक रविंद्र गुप्ता द्वारा गूगल से क्यूआर कोड तैयार किया गया है जिसे सभी थानों के बाहर चस्पा किए गए हैं। गुम मोबाइल के संबंध में प्राप्त होने वाले आवेदन के प्राप्ति उपरांत गुम मोबाइल स्वामी से उस क्यूआर कोड स्कैन करावें, स्कैन पश्चात एक गूगल फॉर्म को फिलअप करावें जिससे गुम मोबाइल के संबंध में संपूर्ण जानकारी साइबर सेल रायगढ़ को सीधे प्राप्त होगी जिससे गुम मोबाइल को शीघ्र ट्रेस करने में आसानी होगी। वहीं गुम मोबाइल के स्वामी को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा तथा वर्चुअली कार्यशाला में सम्मिलित हुए स्टेट रोल आउट मैनेजर सारंश सिरके रायपुर एवं जिला रोल आउट मैनेजर दुर्गा प्रसाद प्रधान जिन्होंने सड़क दुर्घटना से संबंधित पोर्टल पर भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां के संबंध में विवेचकों एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स को जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर भरी जाने वाली जानकारियां सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने बनाये जाने वाली कार्ययोजना के लिए अहम होता है।

# पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने नकना के जंगल में घेरेबंदी कर पकड़ा



**रायगढ़, 24 नवम्बर।** धरमजयगढ़ पुलिस ने पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को आज सुबह भोर में ग्राम नकना के जंगल में घेराबंदी कर हिरासत में लिया गयाए जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

जानकारी के मुताबिक बीते 15 नवंबर की शाम ग्राम नकना डुमरपारा में महिला की हत्या की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए अपने स्टाफके साथ ग्राम नकना पहुंचे, जहां रहने वाली गीता बिरहोर उम्र 19 वर्ष की उसके पति राकेश बिरहोर 19 साल द्वारा हत्या कर फरार हो जाने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भिजवाया गया तथा फरार आरोपी राकेश बिरहोर के संबंध में सूचना देने मुखबीर लगा रखे थे । घटना के संबंध में 16 नवंबर को ग्राम नकना डुमरपारा में रहने वाली ललिता बिरहोर 30 साल द्वारा थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कर बताई कि दिनांक 15 नवम्बर के शाम अपनी भतीजा बहू गीता बिरहोर के साथ घर के बरामदा में बातचीत कर रही थी । उसी समय गीता का पति राकेश बिरहोर बस्ती तरफसे आया और दोनों को उसके मोबाइल और रुपए चोरी किये हो कहकर गाली गलौच करते हुए बरामदे से धकेलते हुए कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और डंडा लाकर कमरे में दोनों से मारपीट करने लगा । गीता उसके पति राकेश को मारपीट करने से मना करने लगी तो राकेश गुस्से से गीता को मारते-पीटते कमरे से बाहर निकाला और वहीं पडे करच्छूल से गीता के सिर पर मारा । घर परिवारवाले बीच बचाव किये उन्हें भी गाली गलौच मारपीट किया । राकेश के बेतहाशा मारपीट से गीता की मौत हो गई जिसके बाद राकेश घर से निकलकर जंगल की ओर भाग गया। रिपोर्टकर्ता बताई कि घटना के दिन राकेश बिरहोर सुबह से उसके मोबाइल के कवर में रखे करीब 400-500 को घरवाले चुराए है कि शंका कर सभी से झगड़ा विवाद कर रहा था । आरोपी पर थाना धरजयगढ़ में हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । फरार आरोपी के संबंध में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी राकेश बिरहोर छिपकर गांव आता है जिस पर थाना प्रभारी द्वारा कल सुबह भोर में अपने स्टाफ के साथ ग्राम नकना में कैंप कर आरोपी के जंगल में छिपे होने की जानकारी पर पुलिस पार्टी ग्राम नकना जंगल में दबिश देकर 'आरोपी राकेश बिरहोर पिता स्व महेश बिरहोर 19 साल निवासी ग्राम नकना को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ पश्चात हत्या में प्रयुक्त डंडा एवं घटना समय पहले कपड़े की बरामदगी कर जप्ती किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ श्री दीपक मिश्रा के सतत पर्यवेक्षण पर आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी एवं महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी, सहायक उप निरीक्षक अमृत मिंज, आरक्षक किशोर राठौर, राजेंद्र राठिया, संतराम पटेल, पुष्पेंद्र सिदार, एलेक्सिस एक्का और कमलेश राठिया की अहम भूमिका रही है ।

### जैन क्रिकेट चैंपियनशिप 27 नवंबर से,रोजाना 5 मैच होंगे

रायपुर। सामाजिक परिवेश में जैन क्रिकेट चैंपियनशिप (जेसीसी)का आयोजन स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों से कुल 10 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। जैन समाज के लोग ही टूर्नामेंट में खेलेंगे। शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक मैच होंगे और रोजाना 5 मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी।आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए सौरभ बाफना ने बताया कि आयोजन का यह पहला साल है क्रिकेट में रूचि रखने वाले युवाओं को जेसीसी में खेलना एक सुखद अनुभव देगा समाज के साथ खिलाड़ियों को जोड़कर परिचयात्मक रूप से भी मंच मिलेगा। आने वाले साल में अन्य समाज की टीम के साथ चैंपियनशिप करने का प्रयास होगा। नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से रोज 5 मैच होंगे,10-10 ओवर का मैच होगा,कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ड्रेस कोड से लेकर क्रिकेट के सारे नियमावली रहेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी।

# मास्टर ट्रेनरों ने तीन जिलों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया मतगणना का प्रशिक्षण



**रायगढ़, 24 नवम्बर।** विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के मतदान प्रक्रिया के पश्चात आगामी 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के लिए राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर श्री प्रणव सिंह, श्री यू.एस.अग्रवाल एवं राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर श्री विनय ताम्रकार ने आज रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। ताकि मतगणना कार्य सुचारू एवं निर्बाध रूप संपन्न हो सकें। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में रायगढ़ सहित जशपुर एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर श्री प्रणव सिंह, श्री यू.एस.अग्रवाल तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री विनय ताम्रकार ने सभी अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप किया जाना हैं। मतगणना के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं के लिए परिचय पत्र जारी किया जाना हैं। उन्होंने मतगणना कक्ष में प्रवेश संबंधी सावधानियों की जानकारी दी एवं कहा कि कक्ष में अनिवार्य रूप से मोबाइल वर्जित किया गया हैं, इसका विशेष ध्यान रखे। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना केंद्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने मतगणना प्रक्रिया में आसानी हेतु टेबल वृद्धि के संबंध में जानकारी दी एवं आवश्यकतानुसार टेबल वृद्धि के लिए अनुमति की बात कही। उन्होंने मीडिया प्रवेश के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने डाक मतपत्र के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डाकमत पत्र के पात्र एवं अपात्र निर्णय पश्चात उनकी गणना की जाएगी। सर्विस वोटर्स से वापस प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना भी उसी दिन सबेरे की जाएगी, इसके लिए भी समुचित तैयारी करें। ईवीएम मशीन से मतगणना, मतगणना केन्द्र की आधार भूत संरचना, गणना केन्द्र में बैठक व्यवस्था, वीवीपैट पर्चियों से मतगणना, राउंड डिक्लेरेशन, परिणाम घोषणा से पूर्व की प्रक्रिया, मतगणना कक्ष में वीडियोग्राफी के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मतगणना कक्ष में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईवीएम मशीनों के माध्यम से अधिकारियों को भौतिक रूप से मतगणना संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रश्नोत्तर के माध्यम से अधिकारियों से मतगणना संबंधी प्रश्न पूछे।

प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री गोयल ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने एवं मतगणना में लगने वाले समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात सभी आपसी समन्वय करते हुए प्रक्रिया की शंकाओं को दूर करें। इसके साथ ही प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों को मतगणना से संबंधित जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने मतगणना से पूर्व ईवीएम के संचालन के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में तीनों जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहें।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**रायपुर, 24 नवम्बर।** मंदिरहसौद टोल प्लाजा के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मण यादव 31 वर्ष छेरीखेड़ी का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी मंदिरहसौद टोल प्लाजा के पास कार क्रमांक सीजी 18 ई 0786 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

**रायपुर, 24 नवम्बर।** ग्राम गिरौद स्थित जीडी प्लास्टिक के सामने एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पृथ्वीराज रंका 73 वर्ष ग्राम छपोरा का रहने वाला था। मृतक पृथ्वीराज बाइक चालक राजेन्द्र कुमार कुर्रे के साथ बैठकर कहीं जा रहा था। तभी ग्राम गिरौद स्थित जीडी प्लास्टिक के सामने हाइवा क्रमांक सीजी 04 एनए 1133 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे पृथ्वीराज की गिरने से मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 24 नवम्बर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी रोहन पटेल 28 वर्ष, प्रकाश ध्रुव 27 वर्ष, बिहारी लाल साहू 33 वर्ष व पुनीत तिवारी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी सोनू ध्रुव 32 वर्ष व मनीष ओगरे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर, 24 नवम्बर।** नेवरा एवं विधानसभा पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते दो कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से कुल 40 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने सुभाष चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी संतोष निषाद 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने ग्राम सकरी में दबिश देकर आरोपी शुभम अग्रवाल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है।

### प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 नवम्बर।** मोवा पुलिस ने प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1440 नग कैप्सूल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि मोवा ओव्हरब्रीज के नीचे एक युवक प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी समीर नायक 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्पास्मो प्रोसिव के 1440 नग कैप्सूल जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 13230 रुपए के आसपास है।

# नगरीय निकायों, पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने जीएसटी से राशि देने की सिफारिश

- राज्य वित्त आयोग की चौथी रिपोर्ट शीघ्र सौंपी जाएगी राज्यपाल को
- आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बार-बार शासन की ओर हाथ बढ़ाते हैं नगरीय निकाय

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 नवम्बर।** प्रदेश के नगरीय निकायों एवं पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए वित्त आयोग द्वारा अपनी चौथी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत कर दी जाएगी। वित्त आयोग ने इन संस्थाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जीएसटी की राशि देने की सिफारिश की है। राज्य बनने के बाद प्रदेश में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष सर्जियस मिंज हैं। आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों तथा पंचायतों के त्रिस्तरीय सदस्यों से मुलाकात कर उनसे महत्वपूर्ण सुझाव मांगे गए हैं। राज्य में 11 नगर निगम, 150 से अधिक नगर पंचायतें एवं 50 से अधिक नगर पालिकाएं हैं। शासन द्वारा चूंगीकर समाप्त कर देने के बाद यहां पर नगरीय निकायों की स्थिति काफी कमजोर है। मूल रूप से सड़क, नाली, सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की आय को बढ़ाने के लिए भी पूरे प्रदेश का दौरा कर जिला अध्यक्षों एवं ब्लाक प्रभारियों से रायशुमारी की है। लेकिन वर्तमान में कोई महत्वपूर्ण सुझाव नहीं आया है। पहले आबकारी तथा रजिस्ट्री की आय का कुछ प्रतिशत दिया जाता था लेकिन अब सरकार द्वारा शराब बेचने के कारण राजस्व कम मिलता है।

राज्य वित्त आयोग के अनुसार केंद्र शासन द्वारा भी वित्त आयोग का गठन किया गया है। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए इस आयोग की 15वीं रिपोर्ट शीघ्र आने वाली है। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग की चौथी रिपोर्ट आचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्यपाल को सौंप दी जाएगी। राज्य को प्राप्त होने वाली जीएसटी राशि का 10 प्रतिशत नगरीय निकायों को देने की सिफारिश की गई है। राज्यपाल इस रिपोर्ट को लेकर राज्य शासन को सौंपेंगे। राज्य शासन इस पर कोई भी उचित निर्णय लेगा।



**रायपुर 24 नवंबर।** जैतु साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में देवउठनी एकादशी, तुलसी शालिग्राम जी विवाह पूजन बड़े ही धूमधाम से किया गया, विधिवत विवाह कराया गया, गन्ने का मंडप व भगवान को तेल हल्दी लगाया गया, मंदिर परिसर में महिला मंडली द्वारा विवाह गीत संगीत से सुरमय संध्या बन गई, खीर पुड़ी नैवेद्य इत्यादि भोग लगाया गया , पूजन में सचिव महेन्द्र अग्रवाल, अजय तिवारी, पुजारी सुमित तिवारी, दिपक पाठक,मुंसी धनेन्द्र सिह, रोहित चौबे, शैल अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, व बडी संख्या में जन मान्य उपस्थित थे।

# मतगणना कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के पश्चात 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए रायपुर जिले के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय के अनुसार रायपुर जिले में सात विस क्षेत्र आते हैं। पूरे संभाग में 19 विस क्षेत्र हैं। प्रत्येक संभाग में अलग-अलग जिलों के लिए प्रशिक्षण की तिथि तय की गई है। अभी तक बस्तर और दुर्ग संभाग का प्रशिक्षण हो चुका है। अब बिलासपुर तथा सरगुजा संभाग में प्रशिक्षण दिया जाएगा। रायपुर जिले में एक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। इसके लिए प्रत्येक राजनीतिक दल अपना मतगणना एजेंट नियुक्त कर सकेगा। इसके अलावा पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर तथा मुख्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहेंगे। गणना करने के लिए सांख्यिकी तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी ली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले भी कई जिलों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहीं हैं।

रायपुर जिले में मतों की गणना का कार्य सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में होगा। यहां पर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ पासधारियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। आयोग ने सभी सुरक्षाकर्मियों तथा अन्य कर्मचारियों के लिए पास जारी किया है। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। दोपहर एक बजे तक मतों के रूझान का पता चल पाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना में राजनीतिक दलों के एजेंटों एवं पर्यवेक्षकों के हस्ताक्षर होंगे।

# अब आचार संहिता खत्म होने का इंतजार

- लाइसेंस व शिक्षकों के स्थानांतरण पर होगा विचार
- निर्माण सहित अन्य कार्य होंगे शुरू

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के पश्चात मतों की गणना 3 दिसम्बर को होगी। राज्य में आचार संहिता पांच दिसम्बर को समाप्त हो जाएगी। महानदी मंत्रालय में विधिविधायी विभाग में नोटरियों के लाइसेंस का नवीनीकरण, शिक्षकों के स्थानांतरण, पुलिस विभाग में भर्ती तथा पीएससी एवं व्यापमं में नए विज्ञापन जारी कर दिए जाएंगे। राज्य में धान खरीदी को लेकर बायोमेट्रिक सिस्टम के संबंध में भी कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा।

महानदी मंत्रालय के अनुसार राज्य में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू है। इसके कारण नीतिगत निर्णय, स्थानांतरण नहीं लिये जा रहे हैं। वर्तमान में मंत्रियों के पास खाली फाइलें ही आ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग में सामान खरीदी तथा अन्य आवश्यक कार्यों को ही स्वीकृति प्रदान की जा रही है। राजस्व विभाग में जमीन खरीदी तथा अन्य मामले लंबित पड़े हुए हैं। विधिविधायी विभाग में नोटरियों के लाइसेंस का मामला लंबित है। भारत सरकार द्वारा नया नियम बना दिया गया है जिसके अनुसार कोई भी नोटरी 10 साल तक ही काम करेगा। इसके पश्चात उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। रायपुर जिले से ही करीब 120 नोटरियों ने अपने लाइसेंस के नवीनीकरण का आवेदन दिया हुआ है। वर्तमान में कई अधिवक्ताओं की रोजी-रोटी नोटरी का कार्य करने से चल रहा है। इसमें से कई विवादास्पद नोटरियों से लाइसेंस का अधिकार भी छीन लिया गया है। शिक्षा विभाग में पूर्व शिक्षा मंत्री ने बड़ी संख्या में शिक्षकों के स्थानांतरण किए थे। नए शिक्षामंत्री ने इसे रद्द कर दिया जिसके कारण बड़ी संख्या में गुरुजी परेशान हैं। शिक्षकों का ग्रेड एलबी1, 2 व 3 है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इनके स्थानांतरण पर विचार किया जाएगा। शासन के गलत फैसले के कारण कई शिक्षकों को वेतन नहीं मिल पा रहा है।

पीएससी द्वारा विभिन्न भर्तियों के लिए शीघ्र ही अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। पुलिस में भी भर्ती को शीघ्र करने का आदेश दिया गया है। व्यापमं में अनेक पदों के लिए इंटरव्यू नहीं हो पाया है। अपेक्स बैंक के लिए भी उचित परीक्षा ली गई है। अब साक्षात्कार लिया जाएगा।

### बृजमोहन अग्रवाल ने किया मितानिनों का सम्मान

**रायपुर, 24 नवंबर।** मितानि दिवस के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने मितानिनों का सम्मान किया है। भक्त माता कर्मा वार्ड, चंगोराभाठा में आयोजित कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने मितानिन हेड, हेमिन कश्यप व अन्य मितानिनों को सम्मानित किया है। इस मौके पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मितानिनों का कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं, उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फ्लस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है।

# डॉक्टरों, अर्थशास्त्रियों, जन स्वास्थ्य समूहों ने तंबाकू पर स्वास्थ्य कर बढ़ाने का सरकार से किया आग्रह

**रायपुर, 24 नवंबर।** डॉक्टरों और अर्थशास्त्रियों के साथ जन स्वास्थ्य समूहों ने सरकार से अपील की है कि 2024-25 के केंद्रीय बजट में सभी तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया जाये ताकि अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सके। वित्त मंत्रालय से की गई अपनी अपील में इन सबों ने सिगरेट, बीड़ी और बगैर धुंए वाले तंबाकू पर स्वास्थ्य कर बढ़ाने का आग्रह किया है। उत्पाद शुल्क स्वास्थ्य कर है जो तंबाकू जैसे उन उत्पादों पर लगता है जिनका जन स्वास्थ्य पर स्पष्ट नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इन विशेषज्ञों के अनुसार, तम्बाकू की खपत को विनियमित करने के लिए कई सार्वजनिक नीति उपकरणों में से उत्पाद कर को बढ़ाना सबसे अधिक किफायती माना जाता है। यह दुनिया भर में हुए शोध के एक बड़े समूह पर आधारित है। हेल्थ यानी स्वास्थ्य कर को सिन (पाप) टैक्स के रूप में भी जाना जाता है। अक्सर इसे प्राप्त करने के लिए कई देशों में इसका उपयोग किया जाता है।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में सिगरेट, बीड़ी और बगैर धुंए वाले तंबाकू जैसे उत्पाद लगातार सस्ते हुए हैं। हाल ही में, सिगरेट पर एनसीसीडी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन इसके अलावा जुलाई 2017 में जीएसटी की शुरुआत के बाद से तंबाकू करों में कोई बड़ी वृद्धि नहीं हुई है। वर्तमान जीएसटी दर, मुआवजा उपकर, एनसीसीडी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क को जोड़कर कुल कर बोझ (अंतिम कर सहित खुदरा मूल्य के प्रतिशत के रूप में कर) सिगरेट के लिए केवल 49.3त्न, बीड़ी के लिए 22त्न और धुआं रहित तंबाकू के लिए 63त्न है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सभी तंबाकू उत्पादों पर खुदरा मूल्य का कम से कम 75त्न कर बोझ डालने की सिफारिश करता है। लेकिन सभी तंबाकू उत्पादों पर कर का मौजूदा बोझ इससे काफी कम है।

### जैन चातुर्मास के समापन पर चैत्यवंदन किया जाएगा

**रायपुर 24 नवंबर।** जैन चातुर्मास के समापन अवसर पर 27 नवम्बर सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री सीमंधर



स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में श्री सिद्धाचल के पट्ट के सम्मुख चैत्यवंदन किया जावेगा । कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस 10 करोड़ मुनि सिद्धाचल पर्वत पर मोक्ष सिधारे थे ।अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा प्रातः 9 . 30 बजे से आरम्भ होगी । पूजा पश्चात गुरुप्रसादी लाभार्थी परिवारों की ओर से रखी गई है ।

# ऑटो में गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर 24 नवंबर।** राजधानी रायपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इस बीच रायपुर के सरोरा इलाके में ऑटो में गांजा बेचते युवक गिरफ्तार हुआ है।

मुखबिर ने पुलिस की टीम को सूचना दी थी कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत सरोरा स्थित मिश्रा ढ़ाबा के पास आटो वाहन में सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर वाहन एवं व्यक्ति की पतासाजी कर वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार आटो वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नानू ताण्डी निवासी कोटा सरस्वती नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा आटो वाहन की तालाशी लेने पर आटो में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी नानू ताण्डी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 03 किलोग्राम गांजा, बिक्री रकम 5,000/- रूपये तथा आटो क्रमांक सी/जी/04/टी/4309 जुमला कीमती लगभग 1,00,000/- रूपये जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 480/2023 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी ङ्क नानू तांडी पिता भागीरथी तांडी उम्र 50 साल निवासी मोतीलाल नगर कोटा पटेल किराना स्टोर्स के पास थाना सरस्वती नगर रायपुर।

# आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने नए कॉर्पोरेट ब्रांड अभियान की शुरुआत की

**रायपुर 24 नवंबर।** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) - दुनिया के दो प्रमुख इस्पात निर्माताओं, आर्सेलरमित्तल और निप्पॉन स्टील के बीच एक संयुक्त उद्यम - बनाऊंगा मैं, बनेगा भारत नामक एक नए टेलीविजन विज्ञापन के लॉन्च की घोषणा की है। अभियान का उद्देश्य भारत की प्रगति और इसके विविध कुशल कार्यबल के प्रति सामूहिक उत्साह और गर्व पैदा करना है, जो देश के विकास को शक्ति प्रदान कर रहे हैं।




युवा लोगों को शामिल करने और प्रेरित करने पर ध्यान देने के साथ विज्ञापन फिल्म हाल की राष्ट्रीय जीत को दर्शाती है जो उच्च मूल्य वर्धित विनिर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति को रेखांकित करती है।

एएम/एनएस इंडिया के बढ़ते ब्रांड मूल्य पर आधारित, स्मार्टर स्टील्स, ब्राइटर फ्यूचर्स ब्रांड के वादे पर आधारित, यह पहल इस क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में एएम/एनएस इंडिया की स्थिति को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। यह स्टील विनिर्माण के प्रति कंपनी के समर्पण को भी दर्शाता है जो देश के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में मौलिक भूमिका निभाता है।

आर्सेलॉरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया)ञ्च हमारे पिछले साल के रीइमेजिनियरिंग अभियान की सफलता पर आधारित नवीनतम प्रयास नए भारत में योगदान देने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमृत काल के लक्ष्य की दिशा में अपनी यात्रा में, भारत समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर चढ़ने के लिए मेक इन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से इस्पात-गहन विकास को अपना रहा है। हमें अपने ब्रांड वादे स्मार्टर स्टील्स, ब्राइटर फ्यूचर्स के साथ देश की प्रगति - विश्व अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान - का हिस्सा बनने पर गर्व है।विज्ञापन फिल्म क्रिएटिवलैंड एशिया द्वारा बनाई गई है और टेलीविजन और डिजिटल मीडिया क्षेत्र में डेंटसु इंडिया की एक इकाई - आईप्रोस्पेक्ट द्वारा शुरू की जाएगी।

।। ॐ तत् सत्।।
शिवधाम
(अघोरेश्वर महादेव मंदिर)
ग्राम-तुलसी (पाटन) छत्तीसगढ़
महानिर्वाण दिवस
दिनांक 29.11.2023 बुधवार
कार्यक्रम
पूज्य अघोरेश्वर जी का पूजन-हवन
पूर्वान्हः 11.30 बजे
प्रसाद वितरण
मध्यान्ह : 01.00 बजे
101 कन्याओं का पूजन,कन्या भोज एवं वृद्ध जनों को भोजन
प्रसादी एवं कंबल वितरण


निवेदक
अघोरेश्वर महादेव मंदिर,शिवधाम
ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग)
संपर्क-9826174789, 8889334400

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23